दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित एनसीआर (इंडिया) का हिन्दी दैनिक

मो.9643311765

# सत्यजय टाईम्स

SJT

हिन्दी दैनिक

वर्ष-15 अंक-108 सोमवार 20 अप्रैल, 2026, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद (एनसीआर) से प्रकाशित) प्रात:कालीन संस्करण

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com Satyajay Times satyajaytimes

## वर्तमान में "अहिंसा परमो धर्म :" की भावना पहले से अधिक प्रासंगिक : सीएम

- प्रधानमंत्री संस्कृति को सहेज कर भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में कर रहे हैं काम : नायब सिंह सैनी
- मुख्यमंत्री ने करनाल में पीयूष ब्लाक अस्पताल के प्रथम तल का किया शिलान्यास, दो पक्षी मीनारों व जीव सेवा केंद्र का भी किया उद्घाटन।

**करनाल, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज जैन धर्म की मूल भावना-अहिंसा परमो धर्म:, पहले से अधिक प्रासंगिक है। यह दुनिया के विभिन्न संघर्षों, युद्धों और हिंसा के बीच शांति और प्रेम का संदेश दे रही है। इस धर्म का वर्षी तप पारणा पर्व आज युवा वर्ग के लिए विशेष रूप से प्रेरणादायी है। यह आत्मनियंत्रण और धैर्य का महत्व समझाता है। यदि युवा पीढ़ी इन मूल्यों को जीवन में अपनाएं तो उनके व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ समाज और राष्ट्र भी प्रगति के मार्ग पर अग्रसर होंगे।

मुख्यमंत्री रविवार को करनाल में आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में आयोजित विशेष धर्म सभा में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने पीयूष ब्लॉक अस्पताल के प्रथम तल का शिलान्यास, दो पक्षी मीनारों व जीव सेवा केंद्र का उद्घाटन भी किया। उन्होंने अस्पताल में दाखिल मरीजों का हालचाल जाना व मंदिर में भगवान घण्टाकर्ण महावीर की आराधना कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने समाजसेवियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज अक्षय तृतीया है। आज ही भगवान परशुराम जी अवतरित हुए थे। आज वर्षी तप पारणा पर्व भी है। भगवान ऋषभ देव ने 400 दिनों के उपवास का गन्ने के रस से पारणा किया था। उन्होंने प्रदेशवासियों को इन पावन दिवसों की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज "वर्षी तप पारणा पर्व" आराधना मंदिर में मनाया जा रहा है। यह हिन्दू, जैन तथा बौद्ध परंपराओं में सम्मानित स्थान प्राप्त महा प्रभावी घण्टाकर्ण महावीर देवता का तीर्थ है। यहां महाप्रभावी ओसिया माता का धर्मस्थल भी है। यहां गुरुदेव मनोहर मुनि का ...

शेष पेज 4 पर...



### एक नजर

#### ई. एस. आई. अस्पतालों की गड़बड़ी मामले में 3 कर्मचारी सस्पेंड

**चंडीगढ, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने ई. एस. आई. हैल्थ केयर सिस्टम में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए कड़े निर्देश जारी करते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या भ्रष्टाचार को सहन नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री शनिवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में ई. एस. आई. हैल्थ केयर हरियाणा की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने पानीपत के ई. एस. आई. अस्पताल से जुड़े मामलों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि उन 6 निजी अस्पतालों को तुरंत डी-पैनल किए जाने की कार्रवाई की जाए। इस पर विभाग ने अस्पतालों को नोटिस जारी कर दिया है।

#### ड्रग कंट्रोल विभाग ने 70 लाख के नकली इंजेक्शन किए बरामद

**गुड़गांव, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** ड्रग कंट्रोल विभाग ने नकली दवाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए डायबिटीज में इस्तेमाल होने वाले मौनजारो इंजेक्शन का करीब 70 लाख रुपये का जखीरा जब्त किया है।

ड्रग कंट्रोल ऑफिसर अमनदीप चौहान ने सूचना के आधार पर टीम बनाकर रेड की और गुडगांव से दिल्ली जा रहे इस इंजेक्शन की बड़ी खेप को बरामद कर लिया। बरामद किए गए इंजेक्शन की कीमत 70 लाख रुपए बताई जा रही है जिसे 45 लाख रुपए में दिल्ली की मेडिसिन मार्किट में भेजा जा रहा था। ड्रग कंट्रोल अधिकारी अमनदीप चौहान की माने तो मौनजारो इंजेक्शन मूल रूप से इटली की एक कंपनी द्वारा बनाया जाता है और शुगर के मरीजों के इलाज में काम आता है, लेकिन भारत में इसका गलत इस्तेमाल वजन घटाने के लिए भी किया जा रहा है।

# विपक्ष ने महिलाओं के अधिकारों के रास्ते में रोड़े अटकाने का किया काम : नायब सैनी

## कहा-कांग्रेस ने महिला आरक्षण के नाम पर केवल दिखावा किया

- प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीएम ने कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों को बताया महिलाओं की विरोधी

**रोहतक, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हाल ही में संसद में विपक्ष ने "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" बिल को पास नहीं होने दिया और ऐसा करके सभी विपक्षी पार्टियों ने महिलाओं के अधिकारों के रास्ते में रोड़े अटकाने का काम किया है। अभी तक कांग्रेस ने महिलाओं को आरक्षण दिलाने के नाम पर केवल दिखावा किया है।

मुख्यमंत्री रविवार को रोहतक में प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पश्चिम दिल्ली से सांसद कमलजीत सहरावत , भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल कौशिक समेत अन्य गणमान्य नेता उपस्थित थे।




नायब सिंह सैनी ने कहा कि गत 16 व 17 अप्रैल को देश की सर्वोच्च पंचायत में विपक्ष ने "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" बिल का विरोध करके हमारी बहन-बेटियों के हक पर डाका डाला है। लोकतंत्र के मंदिर, संसद में जो कुछ भी हुआ, वह न केवल अलोकतांत्रिक था, बल्कि हमारे देश की आधी आबादी के भविष्य पर एक बड़ा प्रहार था। इस प्रकरण ने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टी.एम. सी. और डी.एम.के. जैसे विपक्षी दलों का असली चेहरा देश के सामने उजागर कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दलों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि जब बात महिलाओं को अधिकार देने की आती है, तो उनका असली चरित्र महिला-विरोधी और सत्ता का लोभी हो जाता है। यह महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार दिलाने का ऐतिहासिक अवसर था, लेकिन विपक्ष ने इस अवसर को भी अपनी संकीर्ण राजनीति की भेंट चढ़ा दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गत 16 अप्रैल 2026 को केंद्र सरकार ने लोकसभा में तीन क्रांतिकारी विधेयक पेश किए थे। संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, परिसीमन विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक। इन विधेयकों को लाने के पीछे केंद्र सरकार का संकल्प बहुत स्पष्ट था। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अनुसार, महिला आरक्षण 2026 के बाद होने वाली जनगणना और परिसीमन के बाद लागू होना था। केन्द्र सरकार जानती थी कि यदि हम जनगणना और लंबी परिसीमन प्रक्रिया का इंतजार करते, तो हमारी बहनों को 2029 के आम चुनाव में भी 33 प्रतिशत आरक्षण का...

शेष पेज 4 पर...




## देश की बेटियां अब हक लेकर रहेंगी : रेखा गुप्ता

### कहा- 30 साल तक टाला गया बिल

**नई दिल्ली, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आजादी के 78 साल बाद भी देश की बेटियों को संसद तक पहुंचने का पूरा अधिकार नहीं मिल पाया है। कांग्रेस महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई में साथ देने के बजाय इसे टालने की राजनीति कर रही है।



दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में रविवार को नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश की महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में उचित प्रतिनिधित्व दिलाने का मौका आया, लेकिन विपक्ष ने फिर राजनीति को महिलाओं के अधिकारों पर भारी कर दिया।

रेखा गुप्ता ने कहा कि आजादी के 78 साल बाद भी देश की बेटियों को संसद तक पहुंचने का पूरा अधिकार नहीं मिला है। ऐसे समय में जब महिलाओं को उनका हक देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है, विपक्ष इसे लोकतंत्र की जीत बताकर महिलाओं की हार पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल पिछले 30 वर्षों से लटका हुआ था। देश की महिलाओं को उम्मीद थी कि इस बार विपक्ष दलगत राजनीति से ऊपर उठकर साथ देगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अलग-अलग बहाने बनाकर विधेयक को रोकने और कमजोर करने की कोशिश की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष का मन ही इस बिल को पास कराने का नहीं था। परिसीमन की प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए गए, जबकि यह पहले से तय और जरूरी प्रक्रिया है। वर्ष 2023 में पारित बिल में इससे जुड़ी सभी बातें साफ लिखी गई थीं। इसके बावजूद भ्रम फैलाया गया। रेखा गुप्ता ने कहा कि अगर मौजूदा 543 ...

शेष पेज 4 पर...




## जब भी भय और भ्रष्टाचार चरम पर पहुंचते हैं, लोग भाजपा पर करते है भरोसा : प्रधानमंत्री

### नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में विजय संकल्प सभा को किया संबोधित

**पुरुलिया, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं आमतौर पर चुनाव में क्या नतीजे आएंगे, यह बोलता नहीं हूं लेकिन इस बार जो भी मिलता है, वो कहता है कि इस बार भाजपा सरकार पक्की है। यह सब सुनने के बाद मैं कह रहा हूं कि इस बार भाजपा भारी बहुमत से सरकार बनाने जा रही है।



उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्य त्रिपुरा में दशकों तक वामपंथी दलों का शासन रहा। वहां के लोगों ने भाजपा पर भरोसा जताया। असम में कांग्रेस ने वर्षों तक शासन किया, फिर भी लोगों ने भाजपा पर भरोसा किया।

इसका मतलब यह है कि जब भी भय और भ्रष्टाचार चरम पर पहुंचते हैं, लोग भाजपा पर भरोसा करते हैं और उसे चुनते हैं। हम बंगाल में भी यही देख रहे हैं। बंगाल के लोगों ने अपना मन बना लिया है, इसलिए मैं कहता हूं कि भय को त्यागें, विश्वास को अपनाएं। उन्होंने कहा कि टीएमसी के महाजंगलराज में आदिवासी जिले पिछड़ रहे हैं। सड़क, बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल... सब कुछ बेहाल है। आदिवासियों की जमीन पर आदिवासियों का कब्जा नहीं है।

# दिल्ली में हरियाणा भाजपा चुनाव समिति की अहम बैठक, उम्मीदवारों के चयन पर की विस्तृत चर्चा

**चंडीगढ़, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की प्रदेश चुनाव समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।



बैठक में 6 जिलों के सात स्थानों पर होने वाले नगर निकाय चुनावों को लेकर व्यापक मंथन किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, कृष्ण पाल गुर्जर, राव इंद्रजीत सिंह, राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य डा. सुधा यादव, संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा आदि सहित चुनाव समिति में शामिल अनेक नेता मौजूद रहे। बैठक में यह तय किया गया कि जमीनी स्तर पर कार्यकताओं की राय को महत्व दिया जाएगा।

बैठक में निकाय चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। सभी नेताओं ने चुनावी रणनीति, बूथ प्रबंधन और जनसंपर्क अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए। रेवाड़ी नगरपरिषद, धारूहेड़ा नगरपालिका, उकलाना नगर पालिका, सांपला नगर पालिका, सोनीपत नगर निगम, अंबाला नगर निगम और पंचकूला नगर निगम चुनाव के प्रभारियों ने अपनी-अपनी तैयार की गई रिपोर्ट बैठक में रखी। रिपोर्ट पर गहन मंथन के बाद सभी नेताओं ने यह स्पष्ट किया कि पार्टी मोदी और नायब सैनी सरकार की जनकल्याण की योजनाओं को लेकर चुनाव मैदान में उतरेगी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बैठक के दौरान कहा कि भाजपा सरकार की जनहितकारी नीतियों और विकास कार्यों के आधार पर पार्टी नगर निकाय चुनावों में भी शानदार प्रदर्शन करेगी। उन्होंने सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनावी मैदान में उतरने का आह्वान किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने निकाय चुनाव से संबंधित तय कार्यक्रमों की जानकारी बैठक में रखी। प्रदेश अध्यक्ष ने संकल्प पत्र के लिए शनिवार को हुई बैठक का जिक्र करते हुए तय हुए बिंदुओं को भी सबके सामने रखा। उन्होंने कहा कि प्रत्याशियों के चयन को लेकर चुनावी छह जिलों, रेवाड़ी, रोहतक, हिसार, सोनीपत, अंबाला और पंचकूला में बड़े स्तर पर रायशुमारी की गई है। श्री बड़ौली ने संगठन की भूमिका को अहम बताते हुए कहा कि भाजपा कार्यकताओं की मेहनत और जनआशीर्वाद से पूर्ण बहुमत के साथ निकाय चुनाव में भाजपा जीत दर्ज करेगी। बैठक में मंत्री अरविंद शर्मा, मंत्री कृष्ण बेदी, मंत्री विपुल गोयल, मंत्री राजेश नागर, रणबीर गंगवा, मंत्री गौरव गौतम, मंत्री कृष्ण पंवार, सांसद धर्मबीर सिंह, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, रामचंद्र जांगड़ा, पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, धर्मबीर मिजार्पुर, एसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता सहित अनेक वरिष्ठ नेता व सभी जिलों के चुनाव प्रभारी, जिन-जिन जिलों में चुनाव हैं उनके जिला अध्यक्षों सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

## महिलाओं को न्याय दिलाएगी सरकार : गृह मंत्री

### 'सरकार विपक्ष की साजिश सफल नहीं होने देगी'

**इरोड, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** तमिलनाडु के इरोड में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महिला आरक्षण को लेकर कांग्रेस और डीएमके पर जोरदार हमला बोला।

उन्होंने कहा कि इन पार्टियों ने लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन बिल का विरोध करके देश की महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दलों की वजह से संसद और विधानसभा में महिलाओं को उनका हक मिलने में देरी हो रही है।



अमित शाह ने भरोसा दिलाया कि नरेंद्र मोदी की सरकार इस साजिश को सफल नहीं होने देगी और महिलाओं को न्याय जरूर दिलाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं को राजनीति में ज्यादा भागीदारी दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।चुनावी सभा के दौरान अमित शाह ने तमिलनाडु की राजनीति पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर एआईएडीएमके और भाजपा की सरकार बनती है, तो राज्य में भ्रष्टाचार खत्म किया जाएगा और कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने डीएमके सरकार पर भ्रष्टाचार और खराब प्रशासन के आरोप भी लगाए। इसके साथ ही गृह मंत्री ने सत्ता धारी डीएमके पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी में सत्ता एक ही परिवार के इर्द-गिर्द घूम रही है। उन्होंने इशारों में कहा कि पहले करुणानिधि, फिर एम.के. स्टालिन और अब उनके बेटे को आगे बढ़ाया जा रहा है, जो लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने यह भी दावा किया कि तमिलनाडु में भाजपा को जनता का अच्छा समर्थन मिल रहा है और लोगों से अपील की कि वे भाजपा उम्मीदवार को भारी मतों से जिताएं।

कुल मिलाकर, महिला आरक्षण का मुद्दा अब राजनीति के केंद्र में आ गया है और इसे लेकर पार्टियों के बीच आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं।

20 april satyajay times c:29-dummy-1 4/19/2026 10:42 PM Page 2



# संपादकीय

## होर्मुज का दबाव, संसद का टकराव

**गरज** बरस कर, ईरान को नुकसान पहुंचा कर अमेरिका निकल गया, लेकिन होर्मुज की नाकेबंदी छोड़ गया। तब सारी दुनिया करे पुकार- होर्मुज खोलो, होर्मुज खोलो मेरे सरकार। इस गुहार को देख ईरान अकड़ता दिखा कि मैं तो तेल की हर बूंद पर शुल्क वसूलूंगा, जो देगा, वह तेल लेगा। दुनिया महसूस करे कि ये तो भयादोहन है। इस दबाव में नाटो टूटा, अमेरिका से उसका साथ छूटा, अंकल सैम गरियाए कि नाटो का एक भी देश उनके साथ न आया। फिर एक दिन अंकल सैम बने ईसा मसीह करने दुनिया की चंगाई और एक दिन पोप को ही खरी-खरी सुनाई। एक एंकर ने पूछा कि क्या बला है ये अंकल सैम? और खुद जवाब दियाः वे पटरी से उतरे हैं, उनकी जगह जेल है, वे विध्वंसक हैं, पर अपने को मसीहा समझतें है, लेकिन मसीहा जैसा आचरण नहीं है। कहते हैं मैंने पोप को बनाया अब पोप मुझे बना रहे हैं।

एक चर्चक ने बताया कि नेतन्याहू का कहना है कि यह लड़ाई चिल्ड्रेन आफ लाइट और चिल्ड्रेन आफ डार्कनेस के बीच है, यह छद्म युद्ध है। एंकर ने पूछा, किस ईश्वर ने 116 बच्चों की हत्या करने को कहा? एक विशेषज्ञ बोले, यह युद्ध क्रूसेड बरक्स जिहाद हैयह युद्ध इस्लाम को जिताएगा, ऐसा कहना सही नहीं, अमेरिकी नेता राजनीतिक इस्लाम को समझते ही नहीं। एक एंकर ने कहा, अमेरिका में कैथोलिक 46 फीसद हैं, अंकल सैम धर्म का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस पर अमेरिकी मामलों के विशेषज्ञ बोले, गनीमत है कि अमेरिका के लोग अंकल सैम को गंभीरता से नहीं लेते। फिर खबर आई कि दुनिया में होती धुनाई देख अंकल सैम ने खुद को ईसा मसीह दिखाने वाले पोस्टर हटाए। एक दिन बिहार से खबर आई कि अगले मुख्यमंत्री भाजपा के सम्राट चौधरी बनेंगे, साथ में जद (एकी) के दो उपमुख्यमंत्री बनेंगे और आश्चर्य कि सब बिना किसी विघ्न के निपट गया। फिर एक दिन 92 बरस की महान गायिका आशा भोसले का निधन हो जाता है और चैनल आशा जी को श्रद्धांजलि देने लग जाते हैं, उनका बचपन, उनकी गायकी, उनका संघर्ष, बहन लता के मुकाबले अपनी जगह बनाना और अनेक भाषाओं में 12 हजार से अधिक गानों का कीर्तिमान बनाना, उनकी यादें सब चैनलों पर दिखाई जाती रहीं। फिर एक दिन नासिक आधारित कार्पोरेट जिहाद की नई कहानी ने दर्शक एवं श्रोताओं को चौंका दिया कि महिला कर्मियों को आठ लोगों द्वारा धर्मांतरण के लिए प्रेरित और मजबूर किया जाता था। एक पीड़िता ने बताया कि उसे किस तरह से धमकाया जाता था और पुलिस शिकायत तक नहीं सुनती थी। बहसों में विपक्ष के प्रवक्ता इस कार्पोरेट जिहाद को नरम करते दिखते कि ये व्यवस्था की नाकामी है, पुलिस ने कई आरोपितों को गिरफ्तार किया।

**बहसों में सत्ता प्रवक्ता बार-बार स्पष्ट करते रहे कि परिसीमन में हर राज्य की कुल सीटों में पचास फीसद बढ़ोतरी होगी और इस फामूर्ले से किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। जनसंख्या के हिसाब से बढ़ाएंगे, तो दक्षिण को नुकसान होगा, लेकिन इस फामूर्ले से किसी को नुकसान नहीं होगा। संसद में प्रधानमंत्री ने किसी के भी साथ अन्याय न होने की गारंटी दी, फिर भी विपक्ष अड़ा रहा। जब जनसंख्या की बात निपट गई, तो कुछ कहें कि इतनी देर से क्यों लाए, तो कुछ कहें कि इतनी जल्दी क्या है? कुछ कहें कि कोटा में कोटा दो, तो कुछ कहें 543 में ही पचास फीसद अभी बढ़ा दीजिए। फिर एक विपक्षी नेता ने मुसलिमों के लिए आरक्षण की बात की, जिसका जवाब गृहमंत्री ने दिया कि संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था नहीं है।**

मगर सबसे बड़ी खबर बनाई महिला आरक्षण से संबंधित विधेयक को पारित कराने के लिए संसद के विशेष सत्र के आह्वान ने। साथ ही संसद के सीट परिसीमन- समानुपातिक तरीके से सीट संख्या बढ़ाने के प्रस्ताव ने! इस प्रस्ताव की खबर आते ही विरोध शुरू। इधर संसद सत्र का आगाज, उधर तमिलनाडु में संबंधित विधेयक की प्रति को सार्वजनिक रूप से जलाना और कहना कि ये दक्षिण के प्रति अन्याय है। द्रमुक प्रवक्ता कहते रहे कि दक्षिण की आबादी कम, उत्तर की ज्यादा अगर जनसंख्या के आधार पर सीट संख्या तय होगी, तो दक्षिण के साथ अन्याय होगा, साथ ही विपक्ष के कुछ बडे नेता भी कूद पड़े कि इससे उत्तर-दक्षिण का भेद बढ़ेगा।

बहसों में सत्ता प्रवक्ता बार-बार स्पष्ट करते रहे कि परिसीमन में हर राज्य की कुल सीटों में पचास फीसद बढ़ोतरी होगी और इस फामूर्ले से किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। जनसंख्या के हिसाब से बढ़ाएंगे, तो दक्षिण को नुकसान होगा, लेकिन इस फामूर्ले से किसी को नुकसान नहीं होगा। संसद में प्रधानमंत्री ने किसी के भी साथ अन्याय न होने की गारंटी दी, फिर भी विपक्ष अड़ा रहा। जब जनसंख्या की बात निपट गई, तो कुछ कहें कि इतनी देर से क्यों लाए, तो कुछ कहें कि इतनी जल्दी क्या है? कुछ कहें कि कोटा में कोटा दो, तो कुछ कहें 543 में ही पचास फीसद अभी बढ़ा दीजिए। फिर एक विपक्षी नेता ने मुसलिमों के लिए आरक्षण की बात की, जिसका जवाब गृहमंत्री ने दिया कि संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था नहीं है।

प्रधानमंत्री ने संसद में विपक्ष को आश्वस्त करने की कोशिश की और कहा, किसी के प्रति भेदभाव नहीं होगा इसकी वे गारंटी देते हैं, महिला आरक्षण नारी शक्ति का हक है। कुछ सोचते हैं कि इसमें राजनीतिक स्वार्थ है। बात मैं तुम की नहीं हम की है। हम इसे राजनीतिक तराजू पर न तोलें, एक राष्ट्र के रूप में विचार करें, टुकड़ों में निर्णय नहीं कर सकते। यह सर्वसम्मति से आगे बढ़े यह भारत की सांस्कृतिक प्रतिबद्धता है। विकास को गति देने के लिए महिलाओं की भूमिका जरूरी है सदन में उनकी आवाज शक्ति बनेगी। मगर विपक्ष अपनी बात पर अड़ा रहा। सरकार और भाजपा ने संविधान (131वां) संशोधन विधेयक, 2026 को लेकर एक विमर्श गढ़ने की कोशिश की। यह विमर्श पूरी तरह से गलत थाः यह विकृत तथ्यों और कानून की संदिग्ध व्याख्या पर आधारित था। 16 अप्रैल, 2026 को यह कानून बिल्कुल स्पष्ट था। संविधान (106वां) संशोधन सितंबर, 2023 में पारित हो चुका था और यह देश के संविधान का हिस्सा था। इसने संविधान में अनुच्छेद 334ए को जोड़ा, लेकिन केवल सरकार ही जानती है कि किन कारणों से इस संशोधन को अधिसूचित नहीं किया गया था। (इसे 16 अप्रैल की रात को अधिसूचित किया गया)। संशोधन में लोकसभा की वर्तमान संख्या (543 सदस्य) में महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया था। महिलाओं के लिए आरक्षण एक स्थापित तथ्य था। अनुच्छेद 334ए पर पुनर्विचार करने की कोई आवश्यकता नहीं थी।

# विकास और सुशासन के मुद्दों पर भी काम करे मीडिया

**मीडिया** की ताकत आज सर्वव्यापी है और कई मायनों में सर्वग्रासी भी। ऐसे में विकास के सवालों और उसके लोकव्यापीकरण में मीडिया की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो उठी है। यह एक ऐसा समय है, जबकि विकास और सुशासन के सवालों पर हमारी राजनीति में बात होने लगी है, तब मीडिया में यह चचाएं न हों यह संभव नहीं है। समाज विकास की प्रक्रिया और उसकी आकांक्षाएं मीडिया में दर्ज हों, ऐसी उम्मीद की जाती है। इन विषयों की रिपोर्टिंग के लिए तमाम पत्रकार आगे आ रहे हैं। वैश्विक स्तर पर भी विकास की पत्रकारिता को एक नई नजर से देखा जा रहा है।

भारत में विकास की पत्रकारिता और उसके सवालों से जूझने के लिए पत्रकारों की एक पूरी पीढ़ी तैयार है, किंतु मुख्यधारा के मीडिया के द्वारा इन विषयों को तरजीह न दिए जाने के कारण निराशा ही हाथ लगती है। संकट पत्रकारों की ओर से नहीं, मीडिया संस्थानों और प्रबंधकों की ओर से है। विकास का मुद्दा क्या सिर्फ सरकारी विज्ञापनों का विषय है, सरकारी मीडिया का विषय है, या यह समाज में हो रहे नवाचारों का भी विषय है। विकास पत्रकारिता को पाठ्यक्रम के साथ मीडिया कर्म का भी हिस्सा होना चाहिए। भारत जैसे विविधता और बहुलता भरे समाज में सभी उम्मीदों, सपनों और बदलावों को रेखांकित कर पाना कठिन है। क्योंकि विकास के अनेक तल हैं और देश में समाज की रचना भी बहुस्तरीय है, देश में कहावत प्रचलित है चार कोस पर पानी बदले आठ कोस पर वाणी, इसलिए किसी राज्य को भी एक ही पैमाने से नहीं नापा जा सकता। जैसे मध्य प्रदेश में एक तरफ समृद्ध मालवा है, तो दूसरी ओर झाबुआ जैसे इलाके भी हैं। एक तरफ इंदौर की चमक है, तो दूसरी ओर अलीराजपुर जैसे क्षेत्र भी हैं। छत्तीसगढ़ में अबूझमाड़ है, तो भिलाई भी है। ऐसे में पत्रकारों या विकास के सवालों पर लिखने वालों की चुनौतियां बढ़ जाती हैं। इसी तरह विकास की भूमिका भी यहां विस्तृत और परिवर्तित हो जाती है। हम देखें तो 1950 के पहले आर्थिक विकास हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण था। किंतु 1950 के बाद की चिंताएं अलग हो गयी। बाद के दिनों में सामाजिक विकास को एक बड़ा कारक माना जाने लगा है। सामाजिक न्याय से लेकर स्थाई विकास के सवाल अब बड़े हो गए हैं। यहां तक कि पर्यावरण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी चीजें भी हमारे सामने हैं।

एक समय में विकसित और विकासशील देशों की बहसें भी हमने सुनीं जिनमें मैकब्राइड कमीशन की रिपोर्ट एक अलग तरह से बात करती हुयी नजर आती है, जिनमें कुछ सवाल आज भी मौजू हैं। नियंत्रित मीडिया से मीडिया के चौतरफा विकास का समय भी आया जिसमें कुछ भी छिपाना और दबाना असंभव सा हो गया। कई बार यह भी लगता रहा कि विकास का सवाल सिर्फ सरकारी माध्यमों (मीडिया) के लिए ही महत्व का है, बाकी माध्यमों का अपना एजेंडा और राय अलग है। यहां यह भी देखना जरूरी है कि कम्युनिकेशन(संचार) सिर्फ सूचनाओं का हस्तांतरण नहीं है। बल्कि पक्षधरता के साथ, न्याय के लिए खड़ा होना भी है। जन को ताकतवर बनाना भी है। अवसर की समानता की अवधारणा को प्रचारित और स्थापित करना भी है। विकेन्द्रीकरण ने विकास के सामने कई नए प्रश्न खड़े किए हैं।



जिनके भी ठोस और वाजिब हल हमें ढूंढने चाहिए। जैसे पंचायती राज में भारत ने एक लंबी छलांग लगाई है। सत्ता इसके चलते पंचायतों तक पहुंची, पर सवाल यह है कि क्या इससे लोकतंत्र मजबूत हुआ है? क्या संसदीय राजनीति और चुनावों की तमाम बुराईयां हमारी पंचायतों तक नहीं पहुंच गयी? वहीं हम मीडिया को देखें तो उसका भी विस्तार हुआ है। व्यापकता बढ़ी है, पहुंच भी बढ़ी है। पर सवाल यह है कि क्या मीडिया में संवेदनशीलता, ग्रहणशीलता और विविधता को आदर देने की उसकी भावना भी बढ़ी है, तो शायद उत्तर नकारात्मक ही हो। तीनों तंत्रों ( कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका) से निराश लोग मीडिया की ओर बहुत उम्मीदों से देखते हैं। कई अर्थों में सत्ता का तो विकेन्द्रीकरण दिखता है, किंतु मीडिया धीरे-धीरे केन्द्रीकरण का शिकार हो रहा है। इसलिए जरूरी है क्रास मीडिया ओनरशिप के बारे में भी भारत जैसे देश सोचें। ताकि मीडिया के एकाधिकार के खतरों से बचा जा सके। इसके साथ ही प्रेस कौंसिल जैसी नख-दंत हीन संस्था के अधिकारों और क्षेत्राधिकार में बदलाव करते हुए उसे मीडिया कौंसिल में बदला जाना जरूरी है ताकि वह आज के प्रभावी मीडिया को भी अपनी चर्चा में ले सके। हम जिस संकट से दो चार हैं, वह यह है कि सूचनाएं बढ़ गई हैं और खबरें घट गई हैं।

अखबारों के पन्ने बढ़ गए हैं, किंतु इनसे आम-आदमी गायब है। चैनल अब चौबीस घंटे कुछ बोलते हैं, पर उनमें विकास और जनता के सवालों की जगह बहुत कम है। जबकि विकास की पत्रकारिता की मुक्ति इसमें है कि जो लोग मीडिया तक नहीं पहुंच सकते, मीडिया उन तक पहुंचे। उनका दर्द सुने। अच्छी और उम्मीद जगाने वाली खबरों की ओर जाएं। हमारी राजनीति बदल रही है, हमारा समाज बदल रहा है किंतु हमारे मीडिया के सोचने और अभिव्यक्त करने की शैली उस तुलना में नहीं बदली जैसी बदलनी चाहिए। आज यह मान्यता बन चुकी है कि विकास भारतीय मीडिया की प्राथमिकता नहीं है, शायद समाज भी उसकी प्राथमिकता नहीं है। हमारे नागरबोध ने मीडिया को समाज से बड़ा बना दिया है। किंतु यह तय मानिए कि कोई भी मीडिया, कोई भी राजनीति और कोई भी व्यक्ति समाज से बड़ा नहीं हो सकता। 18 से 25 साल और 18 से 35 साल के युवाओं के बीच बाजार खोज रहे मीडिया की चिताएं अलग हो सकती हैं किंतु समाज की चिताएं कुछ भिन्न हैं। वे ही वास्तविक चिंताएं हैं। मीडिया अगर इन चिंताओं से अलग व्यवहार कर रहा है तो वह अपने अस्तित्व पर संकट स्वयं रच है। विश्वसनीयता और प्रामणिकता के संकट तो उसके साथ संयुक्त हैं ही। मीडिया के नेतृत्वकताओं के लिए यह सोचने का सही समय है कि जब सारा देश विकास और सुशासन के सवालों पर गंभीर हो रहा है, उसमें अपने शासकों से जवाब मांगने की हिम्मत आ रही है, तो हमारा मुख्यधारा का मीडिया क्या कर रहा है? ऐसे तमाम सवाल मीडिया के नेतृत्वकताओं के सामने आज उपस्थिति हैं, अगर इन सवालों के हल हमने आज नहीं तलाशे तो कल बहुत देर हो जाएगी।

**भारत में विकास की पत्रकारिता और उसके सवालों से जूझने के लिए पत्रकारों की एक पूरी पीढ़ी तैयार है, किंतु मुख्यधारा के मीडिया के द्वारा इन विषयों को तरजीह न दिए जाने के कारण निराशा ही हाथ लगती है। संकट पत्रकारों की ओर से नहीं, मीडिया संस्थानों और प्रबंधकों की ओर से है। विकास का मुद्दा क्या सिर्फ सरकारी विज्ञापनों का विषय है, सरकारी मीडिया का विषय है, या यह समाज में हो रहे नवाचारों का भी विषय है। विकास पत्रकारिता को पाठ्यक्रम के साथ मीडिया कर्म का भी हिस्सा होना चाहिए। भारत जैसे विविधता और बहुलता भरे समाज में सभी उम्मीदों, सपनों और बदलावों को रेखांकित कर पाना कठिन है। क्योंकि विकास के अनेक तल हैं और देश में समाज की रचना भी बहुस्तरीय है, देश में कहावत प्रचलित है चार कोस पर पानी बदले आठ कोस पर वाणी, इसलिए किसी राज्य को भी एक ही पैमाने से नहीं नापा जा सकता।**

# महिला कोटे से जुड़े संविधान बिल के लुढ़कने के सियासी निहितार्थ

**लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इसे "संविधान पर हमला" बताकर कांग्रेस-विपक्ष की रणनीति की जीत घोषित की, जबकि भाजपा इसे विपक्ष विरोधी हथियार बनाने की योजना बना रही है। एक सत्ता विरोधी रणनीति के तहत जहां विपक्ष ने बिल को "छलावा" करार दिया, वहीं दावा किया कि यह परिसीमन और चुनावी नक्शा बदलने की साजिश है। वहीं, एक एनडीए नेता के अनुसार, बिल गिरने से सरकार अब सड़क पर विपक्ष को महिलाओं के अधिकारों के नाम पर घेरेगी। हालांकि, सरकार ने शेष दो बिल (परिसीमन और अन्य) आगे नहीं बढ़ाए, क्योंकि वे मुख्य बिल पर निर्भर थे। एचएम अमित शाह और पीएम मोदी विपक्ष के विरोध को कांग्रेस के इतिहास से जोड़कर जनता में प्रचार करेंगे। यह 2029 चुनावों से पहले राजनीतिक ध्रुवीकरण तेज कर सकता है। लेकिन इसका साइड इफेक्ट्स पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के विधानसभा चुनावों में भी दिख सकता है, क्योंकि विपक्षी एकजुटता का पुनः संदेश गया है।**



**इंडिया** गठबंधन की विपक्षी एकजुटता ने पुनः सत्ताधारी गठबंधन एनडीए की नींद उड़ा दी है। ऐसा इसलिए कि लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2026, जो लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण लाने से जुड़ा था, 16 अप्रैल 2026 को वोटिंग में गिर गया। इसके पक्ष में 298 और विपक्ष में 230 वोट पड़े, जबकि न्यूनतम दो-तिहाई बहुमत (लगभग 352 वोट) की आवश्यकता थी, जो सरकार के रणनीतिकारों ने नहीं जुटा पाए। शायद पहली बार सदन में अमित शाह की रणनीति पिट गई। इसका राजनीतिक प्रभाव यह रहा कि मोदी सरकार के लिए 12 साल में पहली बड़ी संवैधानिक हार हुई है, जो विपक्ष की एकजुटता को दशार्ता है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इसे "संविधान पर हमला" बताकर कांग्रेस-विपक्ष की रणनीति की जीत घोषित की, जबकि भाजपा इसे विपक्ष विरोधी हथियार बनाने की योजना बना रही है। एक सत्ता विरोधी रणनीति के तहत जहां विपक्ष ने बिल को "छलावा" करार दिया, वहीं दावा किया कि यह परिसीमन और चुनावी नक्शा बदलने की साजिश है। वहीं, एक एनडीए नेता के अनुसार, बिल गिरने से सरकार अब सड़क पर विपक्ष को महिलाओं के अधिकारों के नाम पर घेरेगी। हालांकि, सरकार ने शेष दो बिल (परिसीमन और अन्य) आगे नहीं बढ़ाए, क्योंकि वे मुख्य बिल पर निर्भर थे। एचएम अमित शाह और पीएम मोदी विपक्ष के विरोध को कांग्रेस के इतिहास से जोड़कर जनता में प्रचार करेंगे। यह 2029 चुनावों से पहले राजनीतिक ध्रुवीकरण तेज कर सकता है। लेकिन इसका साइड इफेक्ट्स पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के विधानसभा चुनावों में भी दिख सकता है, क्योंकि विपक्षी एकजुटता का पुनः संदेश गया है।

वहीं, मोदी सरकार महिला आरक्षण बिल को दोबारा लाने के लिए रणनीतिक बदलाव कर सकती है, खासकर 16 अप्रैल 2026 को लोकसभा में हार के बाद। समझा जाता है कि सरकार नई विधेयक रणनीति के तहत दो या तीन नए विधेयक ला सकती हैः पहला लोकसभा सीटें बढ़ाकर (543 से 850 तक) 33% महिला आरक्षण सुनिश्चित करेगा, जिसमें एससी/एसटी के लिए सब-कोटा भी शामिल होगा। लेकिन फिर सवाल उठेगा कि ओबीसी और ईडब्ल्यूएस के लिए क्यों नहीं? दूसरा परिसीमन आयोग स्थापित करेगा, लेकिन इसे राज्यों के अनुमोदन से अलग रखा जा सकता है ताकि दो-तिहाई बहुमत आसान हो।

सरकार का मानना है कि विपक्ष से सहमति निर्माण के बाद आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, क्योंकि पीएम मोदी सभी दलों को पत्र लिखकर सर्वसम्मति की अपील कर चुके हैं, इसी सिलसिले में कांग्रेस और अन्य विपक्षियों से बातचीत जारी है। महिला कोटा बिल को 2029 चुनावों से पहले लागू करने के लिए 2011 जनगणना पर आधारित संशोधन पर जोर दिया, और नई जनगणना-परीक्षण का इंतजार खत्म किया जाएगा। इसके निमित्त संसदीय प्रक्रिया यह हैं कि विशेष सत्र बुलाकर संशोधित बिल पेश करना संभव होगा, जहां 18 घंटे लोकसभा और 10 घंटे राज्यसभा चर्चा होगी। वहीं सड़क पर प्रचार के साथ विपक्ष को ओबीसी हितों पर घेराव, जिससे राजनीतिक दबाव बनेगा। यह 2029 से पहले बहुमत जुटाने की कोशिश होगी।

इस प्रकार देखा जाए तो महिला आरक्षण बिल को 2029 से पहले लागू करना संवैधानिक रूप से जटिल है, क्योंकि इसके लिए परिसीमन प्रक्रिया अनिवार्य है जो 2011 जनगणना पर आधारित होनी चाहिए। इसका संभावित विकल्प संशोधित बिल पुनर्प्रस्तावहै जिसके तहत सरकार दोबारा संशोधित विधेयक ला सकती है, जिसमें लोकसभा सीटें बढ़ाकर (543 से 850 तक) 33% महिला कोटा सुनिश्चित हो, लेकिन विपक्ष सहमति के बिना दो-तिहाई बहुमत मुश्किल है। इसलिए विपक्ष से सर्वसम्मति की पहल तेज है। सरकार सभी दलों से बातचीत तेज कर विशेष सत्र बुलाना, परिसीमन को अलग रखकर बिल पास करवाना, हालांकि विपक्ष इसे "परिसीमन साजिश" मान रहा है। जहाँ तक व्यावहारिक बाधाओं की बात है तो परिसीमन आयोग को पब्लिक हियरिंग और प्रक्रिया में कम से कम 2-3 वर्ष लगते हैं, इसलिए 2029 चुनाव से पहले पूरा होना असंभव है। वहीं बिल गिरने से अब अगली जनगणना (2031) और उसके बाद के परिसीमन तक (2034+) देरी तय, दक्षिणी राज्यों की चिंताएं टल सकती हैं। सरकार सड़क प्रचार पर जोर देगी। वहीं विपक्ष ने लोकसभा में गिरे महिला आरक्षण संविधान संशोधन बिल पर मुख्य रूप से परिसीमन प्रक्रिया, ओबीसी/एससी/एसटी सब-कोटा और राजनीतिक साजिश को लेकर आपत्तियां दर्ज कीं। मुख्य आपत्तियां निम्नलिखित हैंः-पहला, परिसीमन साजिशः बिल को लोकसभा/विधानसभा सीटें बढ़ाने और 2011 जनगणना पर परिसीमन से जोड़ा गया, जिसे विपक्ष ने उत्तर भारत (विशेषकर भाजपा शासित राज्यों) को लाभ पहुंचाने वाली "सीट रिबनिंग" करार दिया। फलतः दक्षिणी राज्य अपनी सीटें खोने के डर से विरोधी हो गए। दूसरा, ओबीसी/ईडब्ल्यूएस आरक्षण अनुपस्थितिः 33% महिला कोटा में ओबीसी, ईडब्ल्यूएस के लिए सब-कोटा न होने से सामाजिक न्याय का उल्लंघन ठहराया, और इसे "सवर्ण महिलाओं के लिए" नया मौका बताया।

तीसरा, संविधान पर हमलाः राहुल गांधी ने इसे "संविधान बचाओ" का मुद्दा बनाया, और दावा किया कि बिल चुनावी नक्शा बदलकर विपक्ष कमजोर करेगा। इस प्रकार राजनीतिक तर्क देते हुए विपक्ष ने इसे "छलावा" कहा, क्योंकि लागू होने में 2029-34 तक देरी होगी। इसलिए एकजुट होकर वोटिंग में भाजपा नीत एनडीए को हराया। वहीं, मोदी सरकार ने विपक्ष की आपत्तियों का जवाब देते हुए बिल को महिलाओं के सशक्तिकरण का ऐतिहासिक कदम बताया, जो 25-30 साल पहले ही लागू हो जाना चाहिए था। परिसीमन पर स्पष्टीकरण देते हुए सरकार ने कहा कि परिसीमन 2011 जनगणना पर आधारित होगा, जो निष्पक्ष है और दक्षिणी राज्यों को नुकसान नहीं पहुंचाएगा; यह सीट वृद्धि के साथ संतुलित होगा। अमित शाह ने चुनौती दी कि यदि विपक्ष संशोधन चाहे तो सदन एक घंटा रोकें, वे तुरंत बदलाव लाएंगे। वहीं, ओबीसी/एससी/एसटी कोटा पर जवाब देते हुए सरकार ने ओबीसी/ईडब्ल्यूएस सब-कोटा की मांग पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए सरकार ने स्पष्ट कहा कि संविधान धर्म या जाति आधारित अतिरिक्त आरक्षण की अनुमति नहीं देता; इसलिए मौजूदा एससी/एसटी कोटा में महिलाओं को प्राथमिकता रहेगी। पीएम मोदी ने विपक्ष को "महिलाओं के खिलाफ" करार दिया, और कहा कि पंचायत स्तर पर सफलता साबित हो चुकी है। हालांकि राजनीतिक आरोपों का खंडन करते हुए और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के "संविधान पर हमला" सम्बन्धी दावे पर शाह ने कहा कि विपक्ष सैद्धांतिक रूप से सहमत था लेकिन वोटिंग में नकारा; अब सड़क पर इसका जवाब मिलेगा। सभी दलों से सर्वसम्मति की अपील की गई।

उल्लेखनीय है कि महिला आरक्षण बिल (संविधान 131वां संशोधन विधेयक 2026) के प्रमुख प्रावधान लोकसभा, और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए कुल सीटों का एक-तिहाई आरक्षण सुनिश्चित करने से जुड़े हैं, जिसका पहला, आरक्षण का दायराः लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में कुल सीटों का 33% महिलाओं के लिए आरक्षित, जिसमें एससी/एसटी आरक्षित सीटों का भी एक-तिहाई हिस्सा शामिल है। दूसरा, परिसीमन प्रक्रियाः 2011 जनगणना पर आधारित परिसीमन आयोग द्वारा सीटों का आवंटन और रोटेशन, जिसमें लोकसभा सीटें 543 से बढ़ाकर 850 तक प्रस्तावित है। तीसरा, अवधि और प्रभावी तिथिः 15 वर्ष के लिए (संसद द्वारा विस्तार योग्य), अगले परिसीमन के बाद 2029 चुनावों से लागू होगा। चौथा, अतिरिक्त विशेषताएंः रोटेशन आधारित सीटें प्रत्येक परिसीमन में बदलेंगी, लेकिन ओबीसी/ईडब्ल्यूएस सब-कोटा शामिल नहीं होना भी विवाद का कारण बना।

सत्य का प्रहरी अपराध का शत्रु
सत्यजय टाईम्स
हिंदी दैनिक



# संक्षिप्त समाचार

## यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 397 वाहनों के चालान, 13 लाख का जुर्माना

**पलवल, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/भूषण कुमार।** ड्रंक एंड ड्राइवः जिले के सभी प्रमुख चौक-चौराहो व हाईवे पर एल्कोमीटर के साथ नाकाबंदी कर सघन चेकिंग की जा रही है। शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े जाने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालान किए जा रहे हैं।



**अवैध डीजे व सायरनः** ट्रैक्टर-ट्रालियों व अन्य वाहनों पर लगे अवैध डीजे साउंड सिस्टम, प्रेशर हॉर्न व लाल-नीली बत्ती/सायरन संबंध में चालान किए जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार बिना अनुमति डीजे बजाना ध्वनि प्रदूषण के तहत दंडनीय अपराध है। **बुलेट पटाखा बाइकः** मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर पटाखे जैसी तेज आवाज निकालने वाली बुलेट मोटरसाइकिलों को चिन्हित कर जब्त किए जा रहे हैं व भारी जुमार्ना लगाया जा रहा है।

सभी थाना प्रभारियों व यातायात पुलिस को रात के समय विशेष रूप से होटल, ढाबों, शराब के ठेकों व ग्रामीण क्षेत्रों में चेकिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बीते शनिवार, 18 अप्रैल को केवल एक दिन में यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 397 वाहनों के चालान किए गए जिनमें मुख्यतः ड्रंकन ड्राइविंग-34, ब्लैक फिल्म-76 बुलेट पटाखा-05 तथा विदाउट नंबर प्लेट-141,लेन चेंज -20 के चालान तथा छह वाहन इंपाउंड शामिल है जिन पर 13 करीब लाख का जुमार्ना किया गया है।

**पुलिस अधीक्षक श्री नीतीश अग्रवाल, IPS का संदेशः** शराब पीकर वाहन चलाना और अवैध डीजे-सायरन बजाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाना दोनों ही गैरकानूनी हैं। पटाखा मारती बुलेट से बुजुर्गों व मरीजों को भारी परेशानी होती है। पलवल पुलिस जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। नियम तोड़ने वालों की अब खैर नहीं। सभी वाहन चालकों से अपील है कि यातायात नियमों व सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन करें। आपकी सुरक्षा व शहर में शांति हमारी प्राथमिकता है।

## सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान आयोजित

**पलवल, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/भूषण कुमार।** नशा मुक्ति टीम पलवल के टीम इंचार्ज निरीक्षक राजेंद्र कुमार के नेतृत्व में शनिवार को हरियाणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पलवल में जागरूकता अभियान चलाया



गया। इस अभियान के दौरान टीम द्वारा छात्रों एवं शिक्षक विभाग से सीधा संवाद स्थापित किया गया। उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, एवं सामाजिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। साथ ही नशे से बचाव के उपायों, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, शिक्षा, खेलकूद एवं सकारात्मक गतिविधियों में भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।

नशा मुक्ति टीम द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि किसी भी प्रकार की नशे से संबंधित समस्या, मानसिक तनाव अथवा परामर्श की आवश्यकता होने पर भारत सरकार द्वारा संचालित मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर निःशुल्क सहायता प्राप्त की जा सकती है। हेल्पलाइन की उपयोगिता एवं गोपनीयता के बारे में भी आमजन को विस्तार से समझाया गया।

अभियान के दौरान स्कूल चेयरमैन श्री वीरपाल तथा प्रिंसिपल श्री कृष्ण रावत , स्कूल प्रबंधन एवं शिक्षकों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की तथा नशे के विरुद्ध सहयोग का आश्वासन दिया। जिला पुलिस पलवल द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे नशे से दूर रहें, अपने परिवार एवं समाज को नशा मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा किसी भी प्रकार की नशे से संबंधित सूचना तुरंत पुलिस को दें। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी को नशे के खिलाफ शपथ भी दिलाई गई।

## 12वीं के 500 छात्रों ने नहीं लौटाए टैबलेट, रोका जा सकता है रिजल्ट

**भिवानी, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं की परीक्षा खत्म होने के बाद भी करीब 500 विद्यार्थियों ने अपने टैबलेट वापस नहीं किए हैं। शिक्षा विभाग ने इसे गंभीरता से लेते हुए सख्त चेतावनी जारी की है। टैबलेट नहीं लौटाने वालों के खिलाफ विभाग सख्त कदम उठा सकता है। जरूरत पड़ने पर बोर्ड को सिफारिश भेजकर ऐसे छात्रों का परिणाम भी रोका जा सकता है।

अकेले फरीदाबाद जिले में करीब 100 विद्यार्थियों ने अभी तक टैबलेट जमा नहीं किए हैं। सरकार की योजना के तहत पिछले सत्र में हजारों विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए टैबलेट वितरित किए गए थे। यह टैबलेट केवल शैक्षणिक उपयोग के लिए दिए गए थे और बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के बाद इन्हें स्कूल में जमा कराना अनिवार्य है। विभाग ने सभी छात्रों से जल्द से जल्द टैबलेट लौटाने की अपील की है।

# चपीवी टीकाकरण अभियान : सर्वाइकल कैंसर से बचाव की दिशा में महत्वपूर्ण पहल : उपायुक्त

## कहा- भ्रांतियों को छोड़ें, सुरक्षा को अपनाएं, एचपीवी टीकाकरण जरूरी

**पलवल, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/लक्ष्मन शर्मा।** महिलाओं के स्वास्थ्य को सुरक्षित एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत 14 वर्ष से अधिक एवं 15 वर्ष से कम आयु वर्ग की सभी बालिकाओं को निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा प्रदान की जा रही है।

- **बेटियों के स्वस्थ भविष्य की ओर कदम : एचपीवी वैक्सीन अब निःशुल्क।**
- **समय पर टीकाकरण, जीवन भर सुरक्षा : सर्वाइकल कैंसर से बचाव संभव।**
- **डा. वशिष्ठ ने आमजन से की जागरूकता एवं सहभागिता की अपील।**

उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि एचपीवी एक सामान्य लेकिन गंभीर वायरल संक्रमण है, जो लंबे समय में सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) का प्रमुख कारण बनता है। यह कैंसर महिलाओं में मृत्यु के प्रमुख कारणों में शामिल है, जबकि समय पर टीकाकरण के माध्यम से इससे प्रभावी बचाव संभव है। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक शोधों के अनुसार एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर के लगभग 98 प्रतिशत मामलों की रोकथाम में सहायक है। यह टीका निजी अस्पतालों में लगभग 4 हजार रुपए या उससे अधिक लागत पर उपलब्ध होता है, जबकि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में इसे पूर्णतः निःशुल्क प्रदान किया जा रहा है। **अभियान की विशेषताएं एवं टीकाकरण प्रक्रियाः सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में मुफ्त उपलब्धता, अभिभावकों की भूमिका अहम :** उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि इस टीकाकरण अभियान की प्रमुख विशेषता यह है कि इसे जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में संचालित किया जा रहा है। लक्षित आयु वर्ग की सभी बालिकाएं इस सुविधा का लाभ उठा सकती हैं। टीकाकरण से पूर्व अभिभावकों की सहमति अनिवार्य है। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया है कि वे टीकाकरण के समय अपने साथ मोबाइल फोन अवश्य लेकर आएं, ताकि सत्यापन हेतु प्राप्त होने वाले ओटीपी को साझा किया जा सके।

डॉ. वशिष्ठ ने कहा कि एचपीवी संक्रमण के लक्षण प्रारंभिक अवस्था में स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देते, लेकिन कई वर्षों बाद यह गंभीर बीमारी का रूप ले सकता है। इसलिए बचाव के रूप में समय पर टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आगे बताया कि इस अभियान के तहत स्वास्थ्य कर्मी



जैसे एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं डॉक्टर समुदाय स्तर पर जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। स्कूलों में भी विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक बालिकाएं इस टीकाकरण से लाभान्वित हो सकें।

**भ्रांतियों से बचें, वैज्ञानिक तथ्यों पर करें भरोसा : सिविल सर्जन, समाज में फैली गलत धारणाओं को दूर करने की अपील**

सिविल सर्जन डा. सतिंदर वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी नए स्वास्थ्य कार्यक्रम की तरह एचपीवी वैक्सीन को लेकर भी समाज में कुछ भ्रांतियां और अफवाहें फैल रही हैं, जिन्हें दूर करना आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह धारणा पूरी तरह गलत है कि इस वैक्सीन से भविष्य में बांझपन (इन्फर्टीलिटी) की समस्या उत्पन्न होती है।

अब तक हुए सभी वैज्ञानिक शोध यह सिद्ध करते हैं कि इस वैक्सीन का प्रजनन क्षमता पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता। इसके अलावा, कुछ लोग इस टीके की सुरक्षा को लेकर भी चिंतित रहते हैं। इस पर उन्होंने बताया कि एचपीवी वैक्सीन वर्ष 2006 से विश्व भर में उपयोग की जा रही है और लाखों लोगों को सुरक्षित रूप से दी जा चुकी है। उम्र को लेकर भी कई प्रकार की गलतफहमियां हैं। यह टीका संक्रमण से पहले सबसे अधिक प्रभावी होता है, इसलिए इसे 14 से 15 वर्ष के बीच की आयु में दिया जाना सर्वोत्तम माना गया है।

## हवाई फायर करने के मामले में आरोपी काबू



**गुड़गांव, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** अपराध शाखा सैक्टर-17, गुरुग्राम की पुलिस टीम ने एमजीएफ मॉल के गेट पर हवाई फायर करने के मामले में कार्यवाही करते हुए 1 आरोपी गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नवीन कुमार (उम्र-39 वर्ष) निवासी बास मोहल्ला घिटोरनी, दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि उपरोक्त आरोपी मॉल में क्वीन क्लब से निकल कर आया था। इसके बाद इसने मॉल के गेट पर गोली चलाने की वारदात को अंजाम दिया था। उपरोक्त आरोपों दिल्ली व गुरुग्राम में प्रॉपर्टी डीलर का काम करता है। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयोग की गई 1 कार बरामद की गई है। आगामी पूछताछ व बरामदगी के लिए आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया जाएगा। अभियोग अनुसंधानाधीन है।

## गोली चलाने का प्रयास करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** द्वारका जिला पुलिस ने छावला इलाके में आपसी रंजिश में एक शख्स पर गोली चलाने का प्रयास करने वाले दो बदमाशों को रविवार सुबह मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। गोलीबारी में एक बदमाश रॉकी के पैर में गोली लगी है। वहीं बदमाशों की गोली से दिल्ली पुलिस का एक हवलदार बाल बाल बच गया। गिरफ्तार दूसरे बदमाश की पहचान सुमित के रूप में हुई है। दोनों गैंगस्टर विकास लगरपुरिया गैंग के बदमाश हैं। पुलिस बदमाशों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। जिला पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने बताया कि 17 अप्रैल को बदमाशों ने छावला के श्याम विहार इलाके में एक शख्स पर गोलीबारी का प्रयास किया, लेकिन गोली नहीं चल पाई। उसके बाद दोनों बदमाश भाग गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया। स्थानीय पुलिस के साथ वाहन चोरी निरोधक शाखा के निरीक्षक मनीष यादव ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल की। सीसीटीवी कैमरे में देखा गया कि दो हथियारबंद हमलावर एक बाइक पर आए और उनमें से एक ने शिकायतकर्ता पर बहुत करीब से गोली चलाने की कोशिश की, लेकिन पिस्टल नहीं चली। पुलिस टीम वारदात में शामिल बदमाशों की तलाश शुरू की। जांच में वारदात में 22 साल के रॉकी और सुमित उर्फ कोकी के शामिल होने की जानकारी मिली। निगरानी के दौरान रविवार तड़के दोनों बदमाशों के यूईआर के पास आने की जानकारी मिली। पुलिस की टीम ने वहां घेराबंदी कर दी। सुबह करीब 5.35 बजे पुलिस ने बाइक से आए दोनों बदमाशों को रोका। सुमित बाइक चला रहा था, जबकि रॉकी पीछे बैठा था।

## हीट वेव से बचाव हेतु उपायुक्त ने जारी किए निर्देश

**पलवल, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि हीट वेव (लू) की स्थिति शरीर की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रभाव डाल सकती है, जिससे हीट स्ट्रोक जैसी स्थितियां उत्पन्न होकर जान का खतरा भी हो सकता है। इस संबंध में उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने आमजन की सुरक्षा के दृष्टिगत जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न दिशा-निर्देश जारी किए हैं। **हीट वेव से बचाव के लिए यह करें कार्यः** उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे हीट वेव संबंधी चेतावनियों पर नियमित ध्यान दें तथा शरीर में पानी की कमी न होने दें। अधिक से अधिक पानी पिएं, भले ही प्यास न लगे। ओआरएस, लस्सी, नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन करें। हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें तथा धूप से बचाव के लिए टोपी, छाता और

- **लू से बचाव के लिए क्या करें और क्या न करें, जिला प्रशासन ने दी विस्तृत सलाह।**
- **नागरिक अस्पताल पलवल में लू के मरीजों के लिए विशेष प्रबंध, कार्यस्थलों पर सतर्कता के निर्देश।**
- **गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए जागरूकता और बचाव उपायों पर विशेष जोर।**

चश्मे का उपयोग करें। यथासंभव दिन के समय घर या ठंडे स्थानों पर रहें तथा बाहर निकलने पर पर्याप्त विश्राम लें। मौसमी फल एवं सब्जियों जैसे तरबूज, खरबूजा, खीरा आदि का सेवन करें। विशेष रूप से बच्चों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों का ध्यान रखें। **हीट वेव के दौरान यह कार्य न करें:** उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच तेज धूप में बाहर निकलने से बचें। नंगे पैर बाहर न जाएं और भारी, तंग एवं गहरे रंग के कपड़े पहनने से परहेज करें। अत्यधिक गर्मी में श्रमसाध्य कार्य करने से बचें तथा बच्चों एवं पालतू जानवरों को बंद वाहनों में न छोड़ें। शराब, चाय, कॉफी और सॉफ्ट ड्रिंक्स के अधिक सेवन से बचें, क्योंकि ये शरीर में पानी की कमी बढ़ाते हैं। बासी एवं अधिक प्रोटीन युक्त भोजन से भी परहेज करें। **हीट वेव से बचाव हेतु कार्यस्थलों पर आवश्यक प्रबंध और सतर्कता के निर्देश जारी :** सिविल सर्जन डा. सतिंदर वशिष्ठ ने कहा कि कार्यस्थलों पर शीतल पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा कर्मचारियों को नियमित अंतराल (प्रत्येक 20 मिनट) पर पानी पीने के लिए प्रेरित किया जाए। सीधी धूप से बचाव के लिए छायादार स्थान एवं अस्थायी शेल्टर बनाए जाएं तथा श्रमसाध्य कार्य सुबह या शाम के समय करवाए जाएं। कर्मचारियों को हीट स्ट्रेस के लक्षणों की पहचान के लिए प्रशिक्षित किया जाए। प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) की सुविधा एवं इमरजेंसी रिस्पांस प्लान कार्यस्थल पर उपलब्ध होना चाहिए। गर्भवती एवं बीमार कर्मचारियों के लिए विशेष सावधानी बरती जाए। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे इन दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा हीट वेव के प्रभाव से स्वयं और अपने परिवार को सुरक्षित रखें। **नागरिक अस्पताल पलवल में लू के मरीजों के लिए विशेष उपचार कॉर्नर स्थापित :**

उप सिविल सर्जन डॉ. रामेश्वरी ने जानकारी देते हुए बताया कि लू से प्रभावित मरीजों के समुचित उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पलवल में विशेष कॉर्नर स्थापित किए गए हैं।

## ग्रामीण अंचलों में नारी शक्ति वंदन अभियान बना जागरूकता का प्रभावी माध्यम

### भजन मंडलियों के माध्यम से महिलाओं तक पहुंच रहा है सशक्तिकरण का संदेश

**पलवल, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित नारी शक्ति वंदन अभियान जिला पलवल के ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जन-जागरूकता का माध्यम बनता जा रहा है। हरियाणा सरकार के सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा महानिदेशक के. एम. पांडूरंग के मार्गदर्शन में इस अभियान को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा-निर्देशानुसार चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न गांवों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में विभाग की भजन मंडलियां लोकगीतों, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों, सम्मान और



आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक कर रही हैं। प्रेरणादायक गीतों के जरिए महिलाओं में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हो रहा है। ह्यनारी शक्ति वंदन अभियान चलाया है, 33 प्रतिशत कोटा दिलवाया है...ह्व जैसे संदेश गांवों में गूंज रहे हैं, जिससे महिलाओं की सक्रिय भागीदारी भी लगातार बढ़ रही है।

**सरकारी योजनाओं से जोड़ने और जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोरः** जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाना है, ताकि वे इनका अधिकतम लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि विभाग की भजन पार्टियों के साथ-साथ सूचीबद्ध मंडलियां भी गांव-गांव जाकर सरल और प्रभावी तरीके से संदेश दे रही हैं। अभियान की अवधि 10 दिनों की निर्धारित की गई है, जिसके दौरान आयोजित कार्यक्रमों की नियमित मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि इसका अधिकतम प्रभाव समाज में दिखाई दे।

## मोटरसाइकिल सहित आरोपी गिरफ्तार

**पलवल, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/कपिल शर्मा।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक पलवल नीतीश अग्रवाल, IPS के निदेर्शानुसार जिले में अपराध नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शहर थाना पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस टीम ने दिल्ली से चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित एक आरोपी को काबू करने में सफलता प्राप्त की है। शहर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रकाश चंद के अनुसार, एसआई मकसूद टीम को सोहना मोड़ पर गश्त के दौरान एक मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर सवार होकर मीनार गेट से आगरा चौक की ओर आ रहा है।

वाहन बेचने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल नाकाबंदी कर दी। कुछ देर बाद एक संदिग्ध युवक बिना नंबर प्लेट की हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक पर आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन वह भागने की कोशिश करने लगा। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे काबू कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शेरसिंह निवासी गांव फिरोजपुर, हाल निवासी कैलाश नगर कॉलोनी बताया। तलाशी के दौरान आरोपी बाइक के कोई कागजात पेश नहीं कर सका। जांच में सामने आया कि बाइक का चेसिस और इंजन नंबर दिल्ली के लक्ष्मी नगर थाना क्षेत्र में दर्ज चोरी के एक मामले से मेल खाता है। शहर थाना प्रभारी ने बताया कि इसके बाद पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया। आरोपी के खिलाफ नियम अनुसार प्रक्रिया की जा रही है। पलवल पुलिस द्वारा शहर में लगातार नाकाबंदी व वाहन चेकिंग की जा रही है। अपराधियों के लिए पलवल में कोई जगह नहीं है। वाहन चोरों व असामाजिक तत्वों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

**होड़ल में सत्यजय टाईम्स हिन्दी दैनिक**
समाचार पत्र प्राप्त करने एवं समाचार, विज्ञापन बेदखली, जमीन-जायजाद संबंधित, नाम परिवर्तन, सार्वजनिक सूचना, नगर परिषद संबधी सभी प्रकार के सस्ते रेट पर विज्ञापनों के लिए संपर्क करें।
अग्रवाल न्यूज एजेंसी
सम्पर्क सूत्र -
अमित अग्रवाल
+919254588483, +9197282 84058

**O/O THE HEADMASTER GMS JARALI (6110)**
**BLOCK-HATHIN (PALWAL)**

REF:-113/2026 DT:--18-04-2026

**टेंडर आमंत्रण सूचना**

**दिनांकः** 20 अप्रैल 2026
**विषयः** विद्यार्थियों के लिए स्कूल बस सेवा हेतु सीलबंद कोटेशन
**विद्यालयः** GMS JARALI, Block – HATHIN, PALWAL.
इच्छुक परिवहन प्रदाताओं से हमारे विद्यालय के लिए (1) बस हेतु केवल कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं।
कोटेशन जमा करने की अंतिम तिथिः 27 अप्रैल 2026, 2:00 PM तक।
बोली खोलने की तिथि एवं समयः 29 अप्रैल 2026, 10:00 AM से 12:00 PM
**स्थानः** विद्यालय कार्यालय, GMS JARALI, Block – Hathin, Palwal.
**मुख्य शर्तेः**
**वाहन मॉडलः** - परिवहन नियम के अनुसार सभी सुरक्षा व सुविधाएं।
**चयन प्रक्रिया-** L1 (Lowest Responsive /) के आधार पर होगा।

**HEADMASTER**
**GMS JARALI, Block – Hathin, Palwal**
**DT:--18-04-2026**

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

### गौरव गौतम ने परशुराम जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

**पलवल, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** पलवल स्थित ब्राह्मण धर्मशाला तथा गांव कुलेना में भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों एवं श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम जी के आदर्शों, शौर्य और न्याय के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी देखने को मिली, जिससे पूरे परिसर में धार्मिक और सामाजिक उत्साह का वातावरण बना रहा।



मुख्य अतिथि खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान परशुराम जी का जीवन हमें सत्य, न्याय और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने स्वास्थ्य जांच शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दशार्ते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं का उत्साह और स्नेह भी अत्यंत प्रेरणादायक रहा, जो समाज में एकता और भाईचारे की भावना को और अधिक सुदृढ़ करता है। कार्यक्रम के दौरान आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों ने बढ़-चढकर भाग लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा अपनी जांच करवाई। इस पहल को लोगों ने सराहा और इसे समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम जी की कृपा से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। साथ ही यह संकल्प लिया कि वे उनके बताए मार्ग पर चलते हुए समाज में सत्य, न्याय और धर्म के मूल्यों को स्थापित करने में अपना योगदान देंगे।

इस अवसर पर आयोजकों ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सेवा, एकता और संस्कारों की भावना को और अधिक मजबूत करते हैं।

## यूपीएससी ने 28 अप्रैल को चंडीगढ़ में बुलाई डीपीसी की बैठक

**चंडीगढ़, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** हरियाणा पुलिस सेवा (एचपीएस) के 22 अधिकारी जल्द ही भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) में शामिल होंगे। एचपीएस अधिकारियों को आईपीएस बनाने के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीएससी) ने 28 अप्रैल को चंडीगढ़ में डिपार्टमेंटल प्रमोशन कमेटी (डीपीसी) की एक बैठक तय की है, जिसमें लंबे समय से अटके हुए प्रमोशन के मामलों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

हरियाणा के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि खाली पदों के मुकाबले 18 अधिकारियों के प्रमोशन पर विचार करने के प्रस्ताव को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है। इनमें से 2020 से लेकर 2024 के 18 पद हैं, जबकि चार पद 2025 के हैं। करीब दो महीने पहले मुख्य सचिव ने 22 एचपीएस अफसरों को इंटेग्रिटी सर्टिफिकेट जारी किया था। हालांकि, मुख्य सचिव रस्तोगी का स्वास्थ्य खराब होने से डीपीसी की बैठक नहीं हो पाई थी। उनके आग्रह पर यह बैठक चंडीगढ़ में आयोजित की गई है।

इससे पहले साल 2022 में 16 डीएसपी को प्रमोट किया गया था। अब सभी की नजरें 28 अप्रैल की होने वाली बैठक पर टिकी है। गृह विभाग के अधिकारी बैठक की तैयारियों में जुटे हैं, ताकि कोई चूक या कमी न रह जाए। इन सभी को 2012 का बैच मिलने की संभावना है।

**गुमशुदा की तलाश**



**सीमा कुमारी**
**पत्नी**
**मोहित सिंह**
**उम्र 29 वर्ष**

सूचित किया जाता है कि मैं मोहित सिंह पुत्र गंगा सिंह निवासी म.नं. 227, गली नं. 6, नंगला इन्क्लेव पार्ट 2, नजदीक भडाना चौक, एनआईटी फरीदाबाद, मेरी पत्नी सीमा कुमारी जो घर से बिना बनाए दिनांक 13.09. 2025 से लापता है, उसके बाद वह वापस घर नहीं पहुंची है, और उनका कोई पता नहीं चला है। उसका हुलिया – गोरा रंग, गोल चेहरा, मध्यम शरीर, 5'2''इंच, उसके किसी एक हाथ पर सीमा कुमारी लिखा हुआ है, सफेद रंग की सूट सलवार और पैरों में चप्पल पहने हुई थी। यदि किसी व्यक्ति को मिले तो उक्त पते पर सूचित करें, सूचना देने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा। मोबाइल नम्बर :
**9289414283**

20 april satyajay times c:29-dummy-1 4/19/2026 10:43 PM Page 4



## संक्षिप्त समाचार

### शैक्षिक, आर्थिक और राजनीतिक उत्थान से जुड़े मुद्दों पर ओबीसी समाज ने की बैठक

**पलवल, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/भूषण कुमार।** आज पलवल स्थित रेस्ट हाउस में ओबीसी समाज के साथियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में ओबीसी समाज के शैक्षिक, आर्थिक और राजनीतिक



उत्थान से जुड़े कई अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। समाज को संगठित कर हक-अधिकारों के लिए संघर्ष तेज करने का सामूहिक संकल्प लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से नारी शक्ति वंदन अधिनियम झ 33% महिला आरक्षण बिल का समर्थन किया गया। यह बिल देश की आधी आबादी को लोकसभा और विधानसभा में उचित प्रतिनिधित्व देने वाला ऐतिहासिक कदम है। ओबीसी समाज ने कांग्रेस पार्टी द्वारा महिला आरक्षण बिल को समर्थन नहीं देने की कड़े शब्दों में निंदा की।

जयराम प्रजापति और वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं और खासकर ओबीसी, रउ, रळ वर्ग की महिलाओं का घोर अपमान किया है। जब 1996 से लटका बिल मोदी सरकार ने पास कराया तो विपक्ष का रवैया समाज के सामने उजागर हो गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि ओबीसी समाज घर-घर जाकर लोगों को बताएगा कि कौन उनके हक के साथ है और कौन विरोध में खड़ा है। इस बैठक में मुख्य रूप से जयराम प्रजापति,कैप्टन अशोक तलवार, सूबेदार अर्जुन सिंह, डॉ भारत भूषण, ओमकरन प्रजापति, खेमचंद दरोगा जी, भूप सिंह प्रधान जी, पूर्व अध्यक्ष मास्टर दीवान जी और सभी ओबीसी समाज के नेतागण मौजूद रहे।

### उच्च शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी दर राष्ट्रीय औसत के करीब

**चंडीगढ़, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** पंजाब व हरियाणा में उच्च शिक्षा हासिल करने के बावजूद युवाओं के लिए रोजगार पाना चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। केंद्र सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण-2025 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार पंजाब में स्नातक बेरोजगारी दर 11.6 प्रतिशत और स्नातकोत्तर 9.4 प्रतिशत है। वहीं, हरियाणा में स्नातक बेरोजगारी दर 10.3 प्रतिशत और स्नातकोत्तर 9.6 प्रतिशत है। हालांकि यह दर राष्ट्रीय औसत (क्रमशः 11.2% और 10%) से थोड़ी कम है। रिपोर्ट के मुताबिक, कम शिक्षित वर्ग की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है। उच्च माध्यमिक (12वीं) स्तर पर बेरोजगारी दर 5.5 प्रतिशत और डिप्लोमा/सर्टिफिकेट कोर्स धारकों में 6.1 प्रतिशत है। यानी जैसे-जैसे शिक्षा का स्तर बढ़ रहा है, बेरोजगारी का दबाव भी बढ़ता नजर आ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति अलग नहीं है। पीएलएफएस की रिपोर्ट हर तीन महीने में जारी की जाती है जबकि यह वार्षिक रिपोर्ट 2025 के आंकड़ों पर आधारित है। ये आंकड़े संकेत देते हैं कि उच्च शिक्षा का स्तर तो बढ़ रहा है लेकिन उसके अनुपात में रोजगार के अवसरों का विस्तार नहीं हो पा रहा है। विशेषकर डिप्लोमा धारकों, स्नातकों और स्नातकोत्तर युवाओं में यह असंतुलन अधिक है। हरियाणा में समग्र बेरोजगारी दर राष्ट्रीय औसत से अधिक दर्ज की गई है। 15 से 59 आयु वर्ग में राज्य की बेरोजगारी दर 4.7% है जबकि राष्ट्रीय औसत 3.4% है। 15 से 29 वर्ष के युवाओं में बेरोजगारी की स्थिति चिंताजनक है। हरियाणा में इस आयु वर्ग की बेरोजगारी दर 11.8% है जो राष्ट्रीय औसत 9.9% से अधिक है।

### तेज रफ्तार पिकअप ने ई-रिक्शा को रौंदा, बेटी की मौत और पिता घायल

**कुरुक्षेत्र, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे-44 पर रात करीब 1:30 बजे तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने एक ई-रिक्शा को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर में 12 वर्षीय मासूम प्रांजल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पिता नरेश कुमार (35) गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हादसा पिपली पुल के पास हुआ। यूपी नंबर की पिकअप करनाल से पिपली की ओर से तेज गति में आ रही थी और आगे चल रही ई-रिक्शा के पीछे टक्कर मार दी। टक्कर की तीव्रता इतनी अधिक थी कि ई-रिक्शा सड़क के डिवाइडर से टकराकर पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही प्रांजल के चाचा प्रवीण कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि नरेश कुमार अपनी बेटी प्रांजल को साथ लेकर सवारी छोड़ने निकला था। राहगीरों की मदद से दोनों को तुरंत लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्रांजल को मृत घोषित कर दिया। नरेश कुमार की हालत गंभीर देखते हुए उसे चंडीगढ़ के जीएमसीएच सेक्टर-32 अस्पताल रेफर कर दिया गया। नरेश कुमार ने बताया कि प्रांजल पास के स्कूल में सातवीं कक्षा की छात्रा थी। वह हाल ही में सातवीं क्लास में दाखिला लेकर पढ़ाई शुरू की थी। प्रांजल की बड़ी बहन रौनक (14) भी इसी कक्षा में पढ़ती है, जबकि सबसे बड़ी बहन खुशी दसवीं कक्षा में है। नरेश कुमार ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पिकअप और ई-रिक्शा की जांच की।

# कांग्रेस को भुगतना पड़ेगा परिणाम : मनोहर लाल

## कहा-महिला आरक्षण में बार-बार डाली गई अड़चन

**जालंधर, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने जालंधर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस और विपक्षी दलों पर महिला आरक्षण को लेकर तीखा हमला बोला। उनके साथ उत्तर प्रदेश की मंत्री बेबी रानी मौर्या भी मौजूद रहीं। खट्टर ने कहा कि लोकसभा में देश की आधी आबादी के साथ लंबे समय से अन्याय होता रहा है और कांग्रेस सरकार ने कभी गंभीरता से महिला आरक्षण को लागू करने की कोशिश नहीं की।



खट्टर ने कहा कि जब-जब भारतीय जनता पार्टी ने महिलाओं को राजनीति में 33 फीसदी आरक्षण देने की पहल की, तब-तब कांग्रेस और अन्य दलों ने बाधाएं खड़ी कीं। उन्होंने बताया कि 1970 के दशक से इस दिशा में प्रयास होते रहे, लेकिन विपक्ष के विरोध के कारण मामला आगे नहीं बढ़ सका। 1979 में पंचायत स्तर पर महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हुई और कई राज्यों में इसे 50 फीसदी तक बढ़ाया गया। उन्होंने कहा कि 2023 में 128वें संविधान संशोधन के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला आरक्षण विधेयक लाया गया, लेकिन विपक्ष के रवैये के कारण इसे अपेक्षित समर्थन नहीं मिला। अब सरकार 2029 से पहले इसे लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।

खट्टर ने कहा कि महिला आरक्षण को राजनीतिक एंगल देना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वयं कहा है कि उन्हें इसका श्रेय नहीं चाहिए, लेकिन विपक्ष इसे भी राजनीति का मुद्दा बना रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ स्थानों पर विधेयक की प्रतियां तक जलाई गईं, जो लोकतांत्रिक मयार्दा के खिलाफ है। खट्टर ने चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस को इस विरोध का राजनीतिक परिणाम भुगतना पड़ेगा और आने वाले चुनावों में महिलाओं का आक्रोश देखने को मिलेगा।

वहीं, उत्तर प्रदेश की महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि जब संसद में महिला आरक्षण बिल पेश हुआ तो विरोधी दलों ने मिलकर इसे रोकने की कोशिश की, जो देश की आधी आबादी का अपमान है। उन्होंने कहा कि महिलाएं सब कुछ सह सकती हैं, लेकिन अपना अपमान नहीं। आने वाले चुनावों में इसका जवाब जरूर मिलेगा। मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उज्ज्वला योजना, शौचालय निर्माण और अन्य योजनाओं के जरिए महिलाओं को सशक्त बनाया है। महिला वंदन विधेयक उसी दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने आरोप लगाया कि परिवारवाद की राजनीति करने वाली पार्टियों ने इस विधेयक का विरोध किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी, आम आदमी पार्टी, डीएमके और अन्य महिलाओं को आरक्षण के साथ उनका बनता सम्मान भी नहीं देना चाहती।

### झुग्गियों में लगी आग, कई सिलिंडर फटे

**रेवाड़ी, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** रेवाड़ी के कोनसीवास रोड स्थित झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र में रविवार को भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते कई झुग्गियां इसकी चपेट में आ गईं। आग लगने के बाद मौके पर रखे छोटे गैस सिलिंडरों के फटने की आवाजें सुनाई दीं, जिससे स्थिति और अधिक भयावह हो गई और आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। आग तेज हवा के कारण तेजी से फैलती चली गई, जिससे आसपास की झुग्गियों को संभलने का मौका भी नहीं मिला। आग की लपटें इतनी ऊंची उठ रही थीं कि दूर से ही धुएं का गुबार दिखाई दे रहा था। लोग जरूरी सामान निकालने की कोशिश करते नजर आए, जबकि कई परिवारों का सामान आग की भेंट चढ़ गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। इस आग ने पास में बने एक पक्के मकान को भी अपनी चपेट में ले लिया।

### 70 लाख की धोखाधड़ी के आरोप में आसाराम केस का मुख्य गवाह महेंद्र चावला गिरफ्तार

**पानीपत, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** आसाराम और नारायण साईं के खिलाफ दुष्कर्म के मामले में मुख्य गवाह महेंद्र चावला उनके भाई और भतीजे पर एक मामले में पक्ष में गवाही के लिए 70 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप हैं। पानीपत पुलिस ने सेक्टर-12 निवासी भगत सिंह की शिकायत पर महेंद्र चावला, उनके भाई देवेंद्र चावला और भतीजे राम को गिरफ्तार कर लिया है। सीआईए की टीम ने शनिवार शाम को उन्हें गिरफ्तार किया। सभी को रविवार को अदालत के सामने पेश किया जाएगा।

भगत सिंह ने थाना चांदनीबाग में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उनका कहना था कि महेंद्र और सनौली गांव के सरपंच संजय त्यागी का अदालत में केस चल रहा है। महेंद्र चावला मां ने कहा कि अगर वो सरपंच संजय से उनका समझौता करा देगा तो संजय के पक्ष में गवाही दे देंगे। इस पर भगत सिंह ने संजय से संपर्क किया। वहीं सनौली के पूर्व सरपंच सुरेंद्र शर्मा का भी एक मुकदमा चल रहाहै। उनमें भी महेंद्र चावला की गवाही होनी थी। उस मामले में भी समझौते की बात तय हो गई। पक्ष में गवाही देने के लिए 70 लाख रुपये एक मार्च को महेंद्र चावला को सौंप दिए। उनके भाई और भतीजे घर से 70 लाख रुपये ले गए।

भगत सिंह ने बताया कि दो मार्च को महेंद्र चावला ने सरपंच के पक्ष में गवाही दी। उस समय उसने कोर्ट में अपने ही परिचितों को पहचानने से इनकार कर दिया। इसके बाद उसने और रुपए हड़पने की प्लानिंग शुरू की। 5 मार्च को अगली तारीख पर पेश न होने के लिए झूठा मेडिकल सर्टिफिकेट जमा करा दिया और 80 लाख रुपये की मांग करने लगे। अगले ही दिन पंचायत से ये प्रस्ताव पास हो गया, लेकिन इसके बाद महेंद्र ने 18 मार्च को 80 लाख रुपये और देने की डिमांड की।

## परिजनों ने शव रखकर करनाल-कैथल हाइवे किया जाम, आरोपियों को गिरफ्तार करने की रखी मांग

**करनाल, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** गोंदर गांव में जमानत पर आए युवक की हत्या में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से गुस्साए परिजनों ने रविवार को करनाल-कैथल हाईवे पर जाम कर दिया। लोगों ने सड़क के बीचों-बीच ट्रैक्टर खड़े कर शव को हाईवे पर रखा। इसके बाद मौके पर लंबा जाम लग गया। वहीं, परिजनों ने प्रशासन को अल्टीमेटल दिया कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी तब तक वह न तो जाम खोलेंगे और न ही शव को उठाएंगे। सूचना पर डीएसपी असंध गोरखपाल राणा, डीएसपी हेडक्वार्टर संदीप कुमार पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया लेकिन परिजन नहीं माने। परिजनों ने पुलिस के समक्ष गांव के ही पांच लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है।



मृतक सूरज के पिता कर्मबीर ने कहा कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी, बेटे के शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। परिजनों ने सुबह 11 बजे से ही निसिंग में गुरूद्वारा रोड़ी साहब चौक पर जाम लगा दिया। परिजनों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं यहां से आने-जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

पुलिस ने निसिंग से पहले सांभली रोड और ब्रास रोड की ओर से वाहनों को डायवर्ट करके निकाला। इस जाम के कारण करनाल से कैथल रूट पर जाने वाले वाहन चालकों को एक घंटे का अतिरिक्त सफर तय करके अपने गंतव्य पर पहुंचना पड़ा। इसके अलावा शाम पांच बजे तक निसिंग में भारी पुलिस बल तैनात रहा। लगातार परिजनों को मनाने का प्रयास चलता रहा लेकिन परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे।

मृतक के परिजनों ने मांग की कि 6 साल पहले जिस युवक की मौत हुई थी, उस मामले में प्रशासन ने सभी बदमाशों को हथियार के लाइसेंस दे रखे हैं, उनके लाइसेंस रद्द किए जाएं। आरोपियों का एनकाउंटर किया जाए। इसके अलावा कपिल की हत्या मामले में जेल में बंद युवकों की तुरंत रिहाई की जाए। इन सभी मांगों के पूरा होने के बाद ही वह जाम खोलेंगे। विदित हो कि शनिवार शाम को करीब साढ़े छह बजे एक बाइक पर आए तीन बदमाशों ने गली में खड़े सूरज के सिर और माथे में कई गोलियां मारी थी। इसके बाद घायल अवस्था में से अस्पताल पहुंचाया गया तो उसने रास्ते में दम तोड़ दिया।

## कांग्रेस ने पंचकूला से भी घोषित किया मेयर पद का उम्मीदवार

**चंडीगढ़, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** कांग्रेस ने पंचकूला नगर निगम चुनाव में मेयर पद के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की वरिष्ठ सदस्य एवं हरियाणा महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा सुधा भारद्वाज को उम्मीदवार घोषित किया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि सुधा भारद्वाज कांग्रेस की जुझारू, कर्मठ एवं समर्पित नेत्री हैं। उन्होंने संगठन को मजबूती प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सुधा भारद्वाज ने हरियाणा महिला कांग्रेस की कमान भी बेहद कुशलता और जिम्मेदारी के साथ संभाली। अपने कार्यकाल में उन्होंने संगठन हित में अनेक सराहनीय कार्य किए। वहीं, सुधा भारद्वाज के पति संजीव भारद्वाज प्रदेश मीडिया प्रभारी के रूप में संगठन की जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन



कर रहे हैं। बीते कल हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने नगर निगम चुनाव को लेकर अंबाला और सोनीपत के मेयर पद के लिए अपने उम्मीदवारों की आधिकारिक घोषणा कर दी थी। अंबाला नगर निगम, जो बीसी (बी) महिला वर्ग के लिए आरक्षित है, वहां से कुलविंद्र कौर को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, सोनीपत नगर निगम (सामान्य श्रेणी) से जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) के अध्यक्ष कमल दीवान को टिकट दिया है। बता दें कि हरियाणा के अंबाला, सोनीपत और पंचकूला नगर निगमों के मेयर (महापौर) तथा वार्ड सदस्यों के चुनाव 10 मई 2026 (रविवार) को होंगे।

हरियाणा राज्य चुनाव आयोग ने 13 अप्रैल 2026 को इन तीनों नगर निगमों सहित अन्य निकायों के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। नामांकन दाखिल करने की तारीख 21 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक रहेगी, नामांकन की जांच 27 अप्रैल को होगी और नाम वापसी की अंतिम तारीख 28 अप्रैल 2026 होगी, जिस दिन उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह भी आवंटित किए जाएंगे। मतदान सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक होगा और यदि कहीं दोबारा मतदान की जरूरत पड़ी तो वह 12 मई 2026 को कराया जाएगा।

## तापमान में बढ़ोतरी, तीन दिन दिल्ली-एनसीआर झेलेगा लू का प्रकोप

**नई दिल्ली, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** इन दिनों तापमान बढ़ने से दिन के साथ अब रातें भी गर्म होने लगी हैं। अगले सप्ताह से तापमान में और अधिक बढ़ोतरी की संभावना है। दिल्ली में 20 से 25 अप्रैल के बीच मौसम ज्यादातर गर्म और शुष्क रहने की आशंका है।

इस दौरान अधिकतम तापमान लगभग 40 से 43 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा।

शुरूआती दिनों 20-22 अप्रैल में आसमान मुख्यतः साफ रहेगा, जबकि बाद के दिनों 23-25 अप्रैल में आसमान में आंशिक तौर पर बादल छाए रह सकते हैं। मौसम विभाग के अनुसार 22 से 24 अप्रैल के बीच कुछ स्थानों पर लू (हीटवेव) चलने की स्थिति बन



सकती है। वहीं, हवा की गति हल्की से मध्यम रहेगी, जो मुख्य रूप से उत्तर-पश्चिम दिशा से चलेगी। मौसम विभाग के अनुसार, 23 अप्रैल से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र पर नए पश्चिमी विक्षोभ का असर पड़ने की संभावना है।

रविवार को चिलचिलाती धूप से गर्मी अधिक रही। दिन और रात के समय गर्म हवाएं चली। इस दौरान अधिकतम तापमान 40.1 और न्यूनतम तापमान 21.7 डिग्री दर्ज हुआ। हालांकि, मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले तीन दिन के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। उसके बाद इसमें 1-2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। अगले 7 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की आशंका है।

## शेष पेज एक...

### देश की बेटियां अब हक लेकर ....

सीटों पर इसे लागू करने की बात होती है तो सबसे बड़ा सवाल यह है कि कौन पुरुष प्रतिनिधि अपनी सीट छोड़ने को तैयार होगा। इसलिए इस मुद्दे पर केवल राजनीति करना आसान है, समाधान देना मुश्किल।

उन्होंने कहा कि देश की जनता सब देख रही है और समझ रही है कि कौन महिलाओं को आगे बढ़ाना चाहता है और कौन उन्हें रोकना चाहता है। विपक्ष नहीं चाहता कि महिलाएं देश के नेतृत्व में बड़ी भूमिका निभाएं। इन लोगों ने हमेशा विकास और बदलाव का विरोध किया है।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने विपक्ष को इस ऐतिहासिक कदम का श्रेय लेने तक का मौका दिया, लेकिन वे उसके लिए भी तैयार नहीं हुए। रेखा गुप्ता ने कहा कि देश की बेटियां अब अपनी लड़ाई खुद लड़ेंगी और अपना अधिकार लेकर रहेंगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की कई वरिष्ठ महिला नेत्रियां भी मौजूद रहीं।

### विपक्ष ने महिलाओं के अधिकारों ...

लाभ नहीं मिल पाता। इसीलिए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह साहसिक निर्णय लिया कि इस आरक्षण को जनगणना की शर्त से अलग किया जाए, ताकि वर्ष 2029 के आम चुनावों में ही हमारी महिला शक्ति संसद में अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज करा सके। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि महिलाओं की भागीदारी कोई दया नहीं, उनका अधिकार है। लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने एक बार फिर महिलाओं के अधिकारों के रास्ते में रोड़े अटकाने का काम किया है। यह देश की आधी आबादी के साथ विश्वासघात था।

नायब सिंह सैनी ने सवाल किया कि आखिर विपक्ष महिलाओं के आरक्षण से इतना डर क्यों रहा है? उत्तर स्पष्ट है कि ये दल जानते हैं कि जिस दिन देश की महिलाओं को उनका पूरा राजनीतिक अधिकार मिल गया, उसी दिन इनकी परिवारवाद की राजनीति खत्म हो जाएगी। महिलाओं के सशक्तिकरण से सबसे बड़ा खतरा उन दलों को है, जिन्होंने दशकों तक महिलाओं को केवल वोट बैंक समझा, लेकिन नेतृत्व का अधिकार नहीं दिया।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने वर्षों तक महिला आरक्षण के नाम पर केवल दिखावा किया। समितियां बनाई, बहाने बनाए, लेकिन कभी महिलाओं को उनका अधिकार नहीं दिया। दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाकर महिलाओं को सम्मान दिया। लेकिन जब उसे लागू करने की घड़ी आई, तब विपक्ष का असली महिला विरोधी चेहरा सामने आ गया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने परिसीमन के नाम पर झूठ और भ्रम फैलाया, कहा गया कि इससे कुछ राज्यों को नुकसान होगा। लेकिन गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में तथ्यों के साथ स्पष्ट कर दिया कि किसी भी राज्य का प्रतिनिधित्व कम नहीं होगा। सीटों में समान वृद्धि होगी, सभी राज्यों का संतुलन बना रहेगा। फिर भी विपक्षी नेता लगातार झूठ बोलते रहे, क्योंकि उनका उद्देश्य महिलाओं को अधिकार देना नहीं, बल्कि स्वार्थ की राजनीति करना है।

मुख्यमंत्री ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 1971 में जब हमारी आबादी 54 करोड़ थी, तब लोकसभा की सीटें 550 तय की गई थीं। आज हम 140 करोड़ हैं। इसलिए, यह आवश्यक है कि लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 850 की जाए ताकि हर नागरिक का सही प्रतिनिधित्व हो सके। इसको लेकर विपक्ष ने एक और झूठ फैलाया कि इससे दक्षिण भारत के राज्यों को नुकसान होगा। उन्होंने स्पष्ट करते हुए बताया कि केंद्र सरकार का मॉडल सभी राज्यों में समान रूप से 50 प्रतिशत सीटों की वृद्धि का था। उदाहरण के तौर पर, दक्षिण भारतीय राज्यों की वर्तमान हिस्सेदारी 23.76 प्रतिशत है, जो इस नए मॉडल में बढ़कर 23. 87 प्रतिशत हो जाती। तमिलनाडु की सीटें 39 से बढ़कर 59 और कर्नाटक की 28 से बढ़कर 42 होने वाली थीं। यानी किसी भी राज्य का हक छीनने का नहीं, बल्कि सबका हक बढ़ाने का यह प्रस्ताव था।

लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टी.एम.सी. और डी.एम.के. ने इन विधेयकों का विरोध करके यह सिद्ध कर दिया है कि वे केवल महिलाओं के कल्याण का ढोंग करते हैं। समाजवादी पार्टी ने धर्म आधारित आरक्षण की असंवैधानिक मांग उठाकर केवल मामले को भटकाने का काम किया है, जबकि हमारा संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता। विपक्ष जानता है कि अगर बहस असली मुद्दे पर हुई, तो देश की महिलाएं पूछेंगी कि इतने वर्षों तक उन्हें अधिकार क्यों नहीं दिया गया, इसलिए मुद्दे भटकाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर दोगली नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेसी नेता जो शाहबानो मामले में महिलाओं के खिलाफ खड़े थे और जिन्होंने दशकों तक महिला आरक्षण को तकनीकी बहानों और फाइलों में दबाकर रखा, वे आज भी वही साजिश दोहरा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब भारत आजाद हुआ, उसी समय कई अन्य देश भी आजाद हुए थे। लेकिन कुछ देश विकसित बन चुके हैं, और भारत को उस मुकाम तक पहुंचने में दशकों लग गए। इस देरी का कारण क्या था? मैं स्पष्ट कहना चाहता हूं कि वह था कांग्रेस की नकारात्मक और विकास-विरोधी राजनीति। इनकी राजनीति का मूलमंत्र रहा है- 'अटकाओ, लटकाओ व भटकाओ ।" शुरू से ही इन्होंने हर उस निर्णय का विरोध किया, जो देश को आगे ले जाने वाला था।

### वर्तमान में "अहिंसा परमो धर्मः"...

समाधि मंदिर आस्था का केन्द्र है। यहां हर महीने लोगों को जीवन जीने की कला के मार्गदर्शन के लिए आत्म शान्ति शिविरों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि वर्षी तप पारणा पर्व महावीर दानवीर कर्ण की नगरी में मनाया जा रहा है। महावीर कर्ण स्वयं महादानी और दृढ़ व्रती थे। इस नगरी में उनकी आध्यात्मिक तरंगें आज भी फैली हुई हैं। इसका प्रमाण यह है कि उनके सामने आज भी अनेक महादानी और दृढ़ व्रती बैठे हैं।

उन्होंने कहा कि करनाल आने पर उन्हें यहां की समाज सेवी संस्थाओं से विशेष प्रेरणा मिलती है।

सैनी ने कहा है कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में भारत न केवल निरंतर प्रगति कर रहा है, बल्कि प्राचीन संस्कृति और गौरवशाली परंपराओं को भी पूरी दुनिया में नई पहचान दिला रहा है। पिछले 11 वर्षों में देश में सांस्कृतिक संरक्षण और पुनरुद्धार के ऐतिहासिक कार्य हुए हैं।

उन्होंने भगवान राम के भव्य मंदिर निर्माण, महाकालेश्वर कॉरिडोर, और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सब प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में उस पवित्र स्थल का जीर्णोद्धार किया गया है जहां भगवान कृष्ण ने गीता का अमर संदेश दिया था। प्रधानमंत्री न केवल आधुनिक भारत के निर्माण में जुटे हैं, बल्कि गुरुओं और मुनियों द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जैन धर्म में कठोर तप व त्याग का बड़ा महत्व है। जैन अनुयायी 14 सालों तक कठोर तप करके मुनि बनता है। वर्षी तप का भी जैन धर्म की महान तप परंपरा में विशेष स्थान है। यह आत्म शुद्धि, संयम और त्याग का व्रत है। जैन धर्म ने सदियों से मानव मात्र को जीवन की सच्ची राह दिखाई है। तीर्थंकरों और मुनियों द्वारा स्थापित मूल्यों व सिद्धांतों को अपनाकर ही मानव सभ्यता फल-फूल रही है। उन्होंने कहा कि संत गौरव पीयूष मुनि महाराज ने अपनी साधना के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, राष्ट्र निर्माण, जीव दया, प्रकृति संरक्षण आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम किया है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की पावन धरा पर जैन धर्म का बोलबाला रहा है। गुरुग्राम, रोहतक, फरीदाबाद, भिवानी और हिसार के क्षेत्र हजारों वर्ष पूर्व जैन संस्कृति से ओत-प्रोत रहे हैं। इन क्षेत्रों में मिले शिलालेख व तीर्थंकरों की प्रतिमाएं इस बात का प्रमाण हैं। आज भी प्रदेश के हर क्षेत्र में जैन मंदिर तथा स्थानक स्थित है। जैन समाज का प्रदेश के विकास में बड़ा योगदान है। सरकार राज्य में सभी धर्मों के सम्मान और विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। सरकार का संकल्प है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बुजुर्ग श्रद्धालु धन के अभाव में तीर्थ यात्रा से वंचित न रहें। इसी उद्देश्य से सरकार ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना चलाई हुई है। अब 5 मई को नांदेड़ साहिब के लिए कुरुक्षेत्र से ट्रेन भेजी जाएगी। इस अवसर पर पीयूष मुनि जी महाराज ने कहा कि अक्षय तृतीया का दिन भारतीय संस्कृति में केवल एक तिथि नहीं, बल्कि यह त्याग, तपस्या और दान की पराकाष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता का अर्थ केवल भौतिक सुख-सुविधाओं, मनोरंजन या बाहरी दिखावे तक सीमित नहीं है। सच्ची आध्यात्मिकता हमारे भीतर के प्रकाश को जगाने और जनसेवा के मार्ग पर चलने में निहित है।

उन्होंने बताया कि भगवान ऋषभदेव ने 12 महीने तक निरंतर तपस्या की। उस समय लोग मुनि चर्या और भिक्षा की विधि से अनभिज्ञ थे। राजा होने के बावजूद, जब वे भिक्षा के लिए जाते, तो लोग उन्हें चांदी, मोती और कीमती वस्तुएं भेंट करते थे, जिन्हें वे स्वीकार नहीं करते थे, 12 महीने के लंबे अंतराल के बाद, उनके पौत्र श्रेयांश कुमार ने देवी प्रेरणा से उन्हें इक्षु रस (गन्ने का रस) आहार के रूप में प्रदान किया, जिससे उनका पारणा (तपस्या का समापन) हुआ। यह घटना हमें सिखाती है कि सही समय पर किया गया निस्वार्थ दान और सेवा का कितना बड़ा मूल्य होता है।

उन्होंने बताया कि ज्योतिषीय दृष्टि से भी अक्षय तृतीया का महत्व अद्वितीय है। जहां अन्य तिथियां चंद्रमा की गति के साथ घटती-बढ़ती हैं, वहीं अक्षय तृतीया का पुण्य कभी क्षय नहीं होता। इसीलिए इसे सभी मंगल कार्यों के लिए सर्वाधिक शुभ माना गया है।

20 april satyajay times c:29-dummy-1 4/19/2026 10:43 PM Page 5



# संक्षिप्त समाचार

## सड़क पर जमा हो रहा है गंदा पानी, नागरिक परेशान

**सोहना, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/अशोक गर्ग।** सफाई कर्मचारियों की लापरवाही के चलते फाउंटेन चौक सहित भगत सिंह के समीप नालों की सफाई न होने के कारण गंदा पानी कुछ दिनों से सड़क पर बह रहा है आम नागरिक गंदे पानी में से ही आना जनक करना पड़ रहा है क्योंकि सफाई कर्मचारी द्वारा जो कुछ दिनों से गंदा पानी सड़क पर बह रहा है कोई ध्यान नहीं दे रहा है जिसकी वजह से सफाई नहीं हो पा रही है और गंदा पानी रोजाना बहता रहता है। हमारे



शहीद ए आजम शहीद भगत सिंह फाउंटेन चौक पर गंदगी का आलम हो सफाई कर्मचारी की लापरवाही के होने के कारण गंदे नाली की सफाई समय पर न होने के कारण रोजाना गंदा पानी सड़क पर बह रहा है लेकिन कोई भी सफाई कर्मचारी द्वारा आज तक भी गंदे पानी जो सड़क पर बह रहा है उसकी सफाई नहीं की गई है जिसकी वजह से गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। नाली की सफाई न होने के कारण सफाई कर्मचारी पर सवालिया निशान लगने लगे हैं आम नागरिकों का कहना है कि नगर परिषद विभाग में कार्य कर रहे अधिकारियों को जो सफाई कर्मचारी की ड्यूटी लगी हुई है और आज तक भी नाली का ओवरफ्लो पाली सड़क पर बह रहा है सफाई करने की कोई ध्यान नहीं दे रहा है ऐसे सफाई कर्मचारी के प्रति विभागीय कार्रवाई अमल में लानी चाहिए जिससे कि जो भी सफाई कर्मचारी अपनी जिम्मेवारी को नहीं निभा रहा उसकी जांच अधिकारी द्वारा करनी चाहिए जिससे कि आम नागरिकों को यह मालूम हो सके की परिषद कार्यालय में कार्य कर रहे अधिकारियों द्वारा सफाई कर्मचारी के प्रति जिसकी ड्यूटी होने के बाद भी अपनी जिम्मेवारी को नहीं निभा रहा है कार्रवाई की जाए।

## भांजी की शादी में मामा ने भरा भात


**सोहना, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/अशोक गर्ग।** जब मामा श्री भांजी की शादी के समय ु३ कार्यक्रम होता है उसे समय परिवार में खुशी के आंसू मंद मंद निकलते हैं की आज समय खुशी का है जो अपनी भांजी की शादी में भात भरने का मौका मिला वार्ड नंबर 14 श्री हनुमान मंदिर छोटी बगीची में रहने वाले



नेम चंद्र बंसल की होनहार पुत्री दिव्या बंसल की शादी समारोह के अवसर पर मामा श्री द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर बिटिया दिव्या बंसल के भ्राता रोहित बंसल सचिन बंसल अंशुल बंसल उनकी माता श्री मीणा बंसल भी विशेष तौर पर मौजूद रहे देने आए बल्लमगढ़ निवासी मामा श्री परिवार के सदस्य अशोक गोयल गोयल कपिल गोयल पवन गोयल रितेश गोयल पुष्पति गोयल कृष्ण गोयल पंकज गोयल परिवार ने पंजाबी धर्मशाला प्रांगण में भात देने के लिए कार्यक्रम में पहुंचे भात बात कार्यक्रम के दौरान व्यापार मंडल रजिस्टर्ड प्रधान अशोक गर्ग भाजपा वरिष्ठ नेता सुभाष बंसल आर्य समाज प्रधान महेश आर्य पार्षद नीरज सिंघल धर्मवीर बंसल लवली बंसल जतिन बंसल जीतू बंसल गोपाल बंसल गौरव बंसल बबलू कुमार सिंघल बंटी गर्ग श्याम बंसल यशपाल बंसल डाल चंद्र बंसल आदि सम्मानित लोगों ने पहुंचकर कार्यक्रम में शोभा बढ़ाने का काम किया मामा श्री द्वारा तिलक लगाकर उपहार देकर मान सम्मान किया समाजसेवी कमल बंसल ने कहा कि मामा श्री गोयल परिवार द्वारा भांजी की शादी समारोह कार्यक्रम से पहले भात देने के समय बंसल परिवार में खुशी ही अलग महसूस होती है कि आज मामा श्री द्वारा भात देने का मौका मिला है मामा भांजी दोनों परिवार को इस समय खुशी ही अलग महसूस दिखाई देती है जो की दोनों परिवार इस समय का इंतजार करता है वह इंतजार की घड़ी आती है और वह मां की इच्छा सारी पूरी होती है जो जीवन में सोची जाती है।

## पहाड़ी से गाड़ी खाई में गिरी, एक की मौत, तीन घायल

**सोहना, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/अशोक गर्ग।** बीती रात स्विफ्ट गाड़ी में धारूहेड़ा प्रोग्राम से आ रहे सोना तावडू पहाड़ी पर गाड़ी का संतुलन बिगड़ने से स्विफ्ट गाड़ी गहरी खाई में गिर गई जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए तीनों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया मृतक के सबको पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में ले गए जहां पोस्टमार्टम करने के बाद मृतक के सबको परिजनों को सौंप



दिया गया जानकारी अनुसार एक शिफ्ट डिजायर कार मैं सवार होकर धारूहेड़ा प्रोग्राम में गए हुए थे जब वह वापस आए तो सोना तावडू की पहाड़ी में आवारा पशु को बचाने के लिए गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और गाड़ी गहरी खाई में गिर गई यह घटना रात्रि 2:30 बजे की बताई गई है गाड़ी में सवार चार लोगों में से एक व्यक्ति की मौत मौके पर हो गई जिसका नाम परमजीत सिंह था जबकि तीन अन्य विकास विष्णु प्रशांत गंभीर रूप से घायल हो गई पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले गई जबकि मृतक के सबको अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया डॉक्टर द्वारा पोस्टमार्टम करने के बाद मृतक के सब को परिजनों द्वारा सौंप दिया गया पुलिस ने आगामी कार्रवाई करनी शुरू करने में लग गई है।

## डंपरों में 'आगे निकलने की होड़' ने मचाई तबाही, अस्पताल की दीवार तोड़ पलटा मिट्टी से भरा ट्रक

**यमुनानगर, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** हरियाणा के यमुनानगर में एक तेज रफ्तार डंपर बेकाबू होकर हादसे का शिकार हो गया। यह हादसा छछरौली के तिकोनी मोड़ पर हुआ, जहां मिट्टी से भरा डंपर अचानक पलट गया। हादसे के दौरान डंपर ने सिविल अस्पताल की दीवार को तोड़ दिया और आसपास लगे कई खोखों को भी बुरी तरह नुकसान पहुंचाया। गनीमत यह रही कि उस वक्त मौके पर कोई मौजूद नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। बताया जा रहा है कि डंपर चालकों के बीच आगे निकलने की होड़ इस हादसे की बड़ी वजह बनी। फिलहाल जेसीबी की मदद से डंपर को सीधा कर दिया गया है और ट्रैफिक भी बहाल कर दिया गया है। यमुनानगर के छछरौली इलाके में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब मिट्टी से भरा एक तेज रफ्तार डंपर तिकोनी मोड़ पर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। डंपर की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह सीधे सिविल अस्पताल की दीवार से जा टकराया और उसे तोड़ते हुए पास में लगे कई खोखों को भी तहस-नहस कर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सड़क पर चल रहे डंपरों के बीच आगे निकलने की होड़ लगी हुई थी, जिसके चलते यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया कि अगर उस समय वहां भीड़ होती तो बड़ा जानमाल का नुकसान हो सकता था। हादसे में प्रभावित लोगों में से एक, इंद्रजीत ने प्रशासन से मांग की है कि उनकी रेहड़ी और फड़ी के नुकसान की भरपाई की जाए। घटना के बाद मौके पर पहुंची टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से डंपर को सीधा किया ।

# वड़िंग ने दाखा और जगराओं अनाज मंडियों का दौरा किया

## किसानों को समय पर भुगतान करने पर दिया जोर

**लुधियाना, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/सत पाल सोनी।** पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने आज जगराओं और मुल्लांपुर डाखा की विभिन्न अनाज मंडियों का दौरा किया, ताकि वहाँ चल रही खरीद प्रक्रिया का मौके पर ही जायजा लिया जा सके।



उनके साथ PCC के संगठन प्रभारी महासचिव कैप्टन संदीप संधू और अन्य लोग भी मौजूद थे। वड़िंग ने किसानों और खरीद प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों से बातचीत की। किसानों से बातचीत के दौरान, उन्होंने वड़िंग को बताया कि शुरूआत में उन्हें अपनी उपज बेचने में कई पाबंदियों के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ा था, जिन्हें अब केंद्र सरकार ने हटा दिया है।

अनाज मंडी में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में, ढउउ अध्यक्ष ने कहा कि वह संसद में किसानों के प्रतिनिधि के तौर पर उनसे मिलने आए हैं। वड़िंग स्थानीय सांसद भी हैं। उन्होंने कहा कि शुरूआत में केंद्र सरकार विभिन्न मानकों को लेकर बहुत सख़्त थी। उन्होंने बताया कि उन्होंने केंद्र सरकार के अधिकारियों के सामने यह मुद्दा उठाया था और बेमौसम बारिश का भी ज़िक्र किया था। वड़िंग ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि कई किसानों ने उन्हें बताया कि उन्हें अब भी कांग्रेस शासनकाल याद है, जब उन्हें अपनी उपज का भुगतान पाने के लिए 24 घंटे भी इंतजार नहीं करना पड़ता था।

मंडी में खरीद के लिए तैनात अधिकारियों से बात करते हुए, उन्होंने उनसे किसानों के प्रति सहानुभूति रखने को कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उन्हें गेहूं की सुचारू खरीद सुनिश्चित करने के लिए मददगार की भूमिका निभानी चाहिए; साथ ही उन्होंने अधिकारियों से सुचारू और समय पर खरीद के लिए सहयोग और समर्थन भी माँगा।

## खेड़ा मंदिर का दान पात्र तोड़ नकदी ले उड़ा चोर



**यमुनानगर, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** यमुनानगर के बिलासपुर खेड़ा मंदिर में देर रात मौका देख चोर ने मंदिर में रखे दान पात्र को तोड़ा और उसमें रखी नगदी लेकर फरार हो गया। पूरा घटनाक्रम मंदिर परिसर में लगे उउळश में कैद हो गया है बड़े ताज्जुब की बात है कि बिलासपुर थाने से महज 200 मीटर की दूरी पर यह चोरी हो गई और किसी को पता नहीं चल पाया। मंदिर के पुजारी संजीव शर्मा ने बताया कि देर रात अंधेरे का फायदा उठाकर एक चोर मंदिर परिसर में घुसा और वहां रखे दान पात्र को तोड़ दिया। चोर दान पात्र से हजारों रुपए की नगदी लेकर फरार हो गया। इतना ही नहीं, उसने दूसरे दान पात्र को भी कस्सी से तोड़ने की कोशिश की, लेकिन उसमें सफल नहीं हो पाया। पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसमें चोर की हरकतें साफ तौर पर देखी जा सकती हैं।

पुलिस के लिए ये फुटेज अहम सुराग साबित हो सकती है। गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है जब खेड़ा मंदिर को निशाना बनाया गया हो। इससे पहले भी यहां चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। वहीं, मंदिर ट्रस्ट इस मामले को लेकर सख्त रुख अपनाने की तैयारी में है और जल्द ही पुलिस को औपचारिक शिकायत सौंपेगा। अब देखने वाली बात ये होगी कि पुलिस इस मामले में कितनी तेजी से कार्रवाई करती है और चोर को कब तक पकड़ पाती है।

## मैच पर ऑनलाइन सट्टा खिलवाते 2 आरोपी काबू

**टोहाना, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** पुलिस द्वारा जुआरियों और सट्टेबाजों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अपराध अनुसंधान शाखा ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने शहर के एक होटल में दबिश देकर आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टा खिलवाते हुए दो युवकों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बाजीगर मोहल्ला निवासी अश्वनी सैनी उर्फ रौनी व लक्कड़ मार्केट निवासी अनिल के रूप में हुई है। सीआईए प्रभारी उप निरिक्षक अशोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि मिलन चौक के पास स्थित 'पिंक स्टोन होटल' में कुछ युवक क्रिकेट बुक (सट्टा) चला रहे हैं। सूचना के आधार पर नियमानुसार अनुमति लेकर होटल के कमरा नंबर 102 में छापेमारी की गई। मौके पर दो युवक लैपटॉप और मोबाइल फोन के जरिए ऑनलाइन सट्टा खिलवाते हुए पाए गए। पुलिस ने मौके से 5 मोबाइल फोन (जिसमें आईफोन 14 प्रो और रियल मी जैसे महंगे फोन शामिल हैं), 2 रजिस्टर (जिनमें सट्टे का करोड़ों का हिसाब लिखा था), एक कैलकुलेटर और पेन बरामद किया है। आरोपी "Speedy Streaming" नामक ऐप के जरिए गुजरात टाइटंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के मैच पर लोगों को अधिक पैसा कमाने का लालच देकर सट्टा लगवा रहे थे। आरोपियों के खिलाफ थाना शहर में The Haryana Prevention of Public Gambling Act, 2025 की धारा 3 व 4 के तहत मुकदमा नंबर 109/2026 दर्ज कर दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है वा माल मुकदमा को थाना मालखाना मे जमा कराया गया। आरोपियों से पुछताछ कर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी, मामले की जंच जारी है। आमजन ने जिला पुलिस कप्तान निकिता खट्टर से से मांग करते हुए कहा कि जो होटल संचालक ऐसे घिनौने कार्य करने वाले लोगों को कमरा किराए पर देते हैं, उनके खिलाफ भी सख्त कार्यवाही करनी चाहिए और विशेष जांच अभियान चला कर इन पर नकेल कसना चाहिए।

# महिलाओं के अधिकारों के साथ विपक्ष ने किया विश्वासघात: डॉ. जितेंद्र सिंह

**शिमला, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** केंद्रीय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कांग्रेस और आईएनडीआई गठबंधन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि पिछले 50 वर्षों से महिला आरक्षण की बात करने वाली पार्टी ने कभी इसे लागू करने का साहस नहीं दिखाया। जब भाजपा सरकार ने ठोस समाधान प्रस्तुत किया, तब विपक्ष ने विभिन्न बहानों और तकनीकी मुद्दों का सहारा लेकर इस प्रक्रिया को रोकने का प्रयास किया।



उन्होंने इसे महिलाओं के अधिकारों के साथ विश्वासघात करार दिया। शिमला में रविवार को उन्होंने प्रेसवार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में सत्ता संभालते ही स्पष्ट कर दिया था कि उनकी सरकार गरीब, महिला, युवा और किसान को केंद्र में रखकर कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रहा है और पिछले एक दशक में जो परिवर्तन देखने को मिला है, वह अभूतपूर्व है।

उन्होंने 15 अगस्त 2014 के प्रधानमंत्री के संबोधन का उल्लेख करते हुए कहा कि लाल किले से शौचालय निर्माण की बात करना एक क्रांतिकारी सोच थी, जिसने महिलाओं के स्वास्थ्य, गरिमा और सुरक्षा को राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बनाया। उज्ज्वला योजना ने करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाई और उनके स्वास्थ्य के साथ-साथ जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संदर्भ में उन्होंने कहा कि यह कानून महिलाओं को नीति निर्माण और निर्णय प्रक्रिया में सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करने का माध्यम है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा ने अपने संगठन में पहले ही महिलाओं को 33 प्रतिशत से अधिक भागीदारी दी है, जबकि कांग्रेस आज तक अपने संगठन में भी इसे लागू नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में महिलाओं को अवसर नहीं, बल्कि परिवारवाद के आधार पर सीमित स्थान मिलता है, जबकि भाजपा में मेरिट के आधार पर महिलाओं को आगे बढ़ाया जाता है।

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सरोज पांडे ने कहा कि महिलाओं को लंबे समय तक केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया गया, लेकिन जब उन्हें अधिकार देने का अवसर आया, तो कांग्रेस पीछे हट गई। उन्होंने प्रियंका गांधी के लड़की हूं, लड़ सकती हूं.... नारे पर सवाल उठाते हुए कहा कि महिलाओं के अधिकारों की सबसे बड़ी लड़ाई के समय यह नारा कहीं नजर नहीं आया। उन्होंने कहा कि संसद में बिल गिरने के बाद विपक्ष का रवैया महिलाओं के प्रति असंवेदनशीलता को दशार्ता है और यह पूरे देश की महिलाओं का अपमान है।

## भांजी की शादी में पहुंचे अखिलेश यादव, पारिवारिक कार्यक्रम बना सियासी मंच

**रेवाड़ी, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** रविवार को रेवाड़ी में पहुंचे यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। एक पारिवारिक कार्यक्रम में आए सपा प्रमुख ने इसे सियासी मंच में बदलते हुए कई बड़े मुद्दों पर तीखे बयान दिए। अखिलेश यादव ने अकहा कि विपक्ष की एकजुटता के चलते ही मोदी सरकार को कई मुद्दों पर झुकना पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जानबूझकर जातीय जनगणना से बच रही है, क्योंकि इससे समाज की वास्तविक तस्वीर सामने आ जाएगी और वंचित वर्ग अपने हक और अधिकार की मांग करेगा। बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के संविधान के तहत हर वर्ग को बराबरी का अधिकार मिलना चाहिए। महिला आरक्षण के मुद्दे पर उन्होंने भाजपा को घेरते हुए कहा कि विपक्ष पूरी तरह से इसके पक्ष में है, जबकि भाजपा का इतिहास महिलाओं को नेतृत्व देने में कमजोर रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आज तक भाजपा ने अपने संगठन में किसी महिला को राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बनाया। परिसीमन को लेकर भी अखिलेश ने सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मनमाने तरीके से परिसीमन थोपने की साजिश रची गई थी, जिसे विपक्ष ने मिलकर बेनकाब किया।



उन्होंने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फामूर्ले को सामाजिक न्याय का आधार बताते हुए कहा कि इसका मकसद वंचितों को सत्ता में भागीदारी दिलाना है। उन्होंने हरियाणा में भी उत्तर प्रदेश और बिहार की तरह इस फामूर्ले को लागू करने की वकालत की। अहीरवाल क्षेत्र को लेकर अखिलेश यादव ने बड़ा राजनीतिक संदेश देते हुए कहा कि जब अहीरवाल सरकार बनाता है, तो मुख्यमंत्री भी इसी क्षेत्र से होना चाहिए। यही दावा मंत्री राव नरवीर सिंह व मंत्री आरती राव भी कर चुकी हैं। साथ ही उन्होंने अहीर रेजिमेंट के गठन के समर्थन में भी अपनी बात रखी। आगामी चुनावों को लेकर अखिलेश यादव ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल, असम और तमिलनाडु समेत कई राज्यों में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की जमानत बचाने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया, ताकि इंडिया गठबंधन के सांसद चुनाव प्रचार न कर सकें।

## निःशुल्क जांच शिविर का 325 रोगियों ने उठाया लाभ

**अम्बाला, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** जनता पाइल्स क्लिनिक द्वारा रविवार को स्थानीय अम्बाला क्लब में आयोजित एक दिवसीय निःशुल्क जांच शिविर पूर्ण रूप से सफल रहा। शिविर में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक कुल 325 रोगियों ने बवासीर (पाइल्स), भगंदर (फिस्टुला), फिशर तथा कब्ज जैसी समस्याओं के लिए परामर्श लेकर लाभ उठाया। जनता पाइल्स ग्रुप के चेयरमैन डॉ. राहुल ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता, विशेषकर गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को जागरूक करना और समय रहते सही उपचार उपलब्ध कराना था।

शिविर में मरीजों की निःशुल्क जांच की गई तथा आवश्यक दवाइयां भी निःशुल्क वितरित की गईं। डॉ. राहुल ने कहा कि आजकल अनियमित खान-पान, फास्ट फूड का अधिक सेवन और लंबे समय तक बैठकर काम करने की आदत के कारण पाचन तंत्र संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन समस्याओं को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

## सीबीआई ने कॉरपोरेट अफसर और डीजीसीए अधिकारी को दबोचा

**नई दिल्ली, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** देश में ड्रोन आयात से जुड़े एक बड़े भ्रष्टाचार मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई ने एक प्रमुख कॉरपोरेट समूह के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट भरत माथुर और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के एक वरिष्ठ अधिकारी को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

यह मामला ड्रोन आयात की अनुमति दिलाने के बदले पैसे लेने से जुड़ा है, जिससे सरकारी सिस्टम पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जांच एजेंसी के अनुसार, यह रिश्वत करीब 2.5 लाख रुपये की थी, जो एक निजी एयरोस्पेस कंपनी के लिए जरूरी मंजूरी दिलाने के बदले मांगी गई थी। आरोप है कि डीजीसीए के अधिकारी ने फाइलों को आगे बढ़ाने और अनुमति देने के लिए यह रकम मांगी थी। सीबीआई ने शनिवार को जाल बिछाकर दोनों आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया। सीबीआई के मुताबिक, डीजीसीए के एयरवर्थनेस निदेशालय में तैनात अधिकारी ने निजी कंपनी से रिश्वत की मांग की थी। इसके बाद एजेंसी ने योजना बनाकर आरोपी को पकड़ने की कार्रवाई की। जैसे ही पैसे का लेन-देन हुआ, टीम ने मौके पर ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया और पूरी रकम बरामद कर ली।

गिरफ्तारी के बाद सीबीआई ने दिल्ली में चार अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की। इस दौरान करीब 37 लाख रुपये नकद, सोने-चांदी के सिक्के और कई डिजिटल उपकरण बरामद किए गए। इससे संकेत मिलता है कि मामला सिर्फ एक लेन-देन तक सीमित नहीं हो सकता और जांच आगे बढ़ सकती है।

इस मामले के सामने आने के बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि ड्रोन आयात जैसे संवेदनशील मामलों में अनुमति देने की प्रक्रिया में भ्रष्टाचार की गुंजाइश बनी हुई थी। यह मामला सिस्टम में पारदर्शिता और जवाबदेही की जरूरत को उजागर करता है।

## 1 घंटे में 2 लोगों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**बहादुरगढ़/झज्जर, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** दिल्ली-रोहतक रेल मार्ग पर छोटूराम नगर के पास शनिवार देर शाम दो अलग-अलग हादसों में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों हादसे करीब एक से डेढ़ घंटे के अंतराल में हुए, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतकों की पहचान बिहार निवासी 53 वर्षीय मोतीलाल और 20 वर्षीय विमलेश के रूप में हुई है। दोनों छोटूराम नगर में रहकर अलग-अलग कंपनियों में काम करते थे।

पहला हादसा रात करीब साढ़े 8 बजे हुआ। मोतीलाल औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्टरी में काम करता था। रोजाना की तरह ड्यूटी खत्म कर वह रेलवे ट्रैक के साथ-साथ घर लौट रहा था। इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

दूसरा हादसा करीब साढ़े 9 बजे हुआ। विमलेश, जो सेक्टर-17 स्थित एक कंपनी में काम करता था, ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहा था। जब वह छोटूराम नगर फाटक के पास रेलवे ट्रैक पार कर रहा था, तभी ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

काफी देर तक घर नहीं लौटने पर विमलेश के परिजनों को चिंता हुई। जब वे फाटक के पास पहुंचे तो वहां भीड़ लगी हुई थी। रात करीब 11 बजे उन्हें हादसे की जानकारी मिली, जिसके बाद वे अस्पताल पहुंचे।

सूचना मिलने पर राजकीय रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। लगातार हो रहे रेल हादसे एक बार फिर रेलवे ट्रैक के आसपास सुरक्षा और जागरूकता की कमी को उजागर कर रहे हैं।

# पंजाब सरकार ने जगत ज्योत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार बिल को दी मंजूरी: तरुणप्रीत सौंद

**लुधियाना, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/सत पाल सोनी।** कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंद रविवार को बताया कि गुरु साहिब की कृपा से, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की मयार्दा और सम्मान बनाए रखने के लिए पूरी तरह तैयार है।

तरुणप्रीत सिंह सौंद ने पंजाब के लोगों और दुनिया भर में रहने वाले पंजाबियों को बधाई देते हुए कहा कि 13 अप्रैल को बैसाखी के पवित्र दिन पंजाब विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से पास किए गए "जगत ज्योत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (अमेंडमेंट) बिल 2026" को पंजाब के गवर्नर गुलाब चंद कटारिया ने मंजूरी दे दी है, जो एक ऐतिहासिक कदम है।

उन्होंने कहा कि यह बिल गुरबानी

- गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी रोकने के लिए सख्त कानून लागू : तरुणप्रीत सिंह सौंद

की बेअदबी को रोकने और सम्मान पक्का करने में मील का पत्थर साबित होगा। मंत्री सौंद ने कहा कि 13 अप्रैल को बैसाखी के दिन पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान ने विधानसभा का स्पेशल सेशन बुलाया था। इस स्पेशल सेशन में मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान ने बेअदबियों के खिलाफ "जगत ज्योत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (अमेंडमेंट) बिल 2026" पेश किया था। आज से तीन दिन पहले यह बिल पंजाब सरकार की तरफ से पंजाब के गवर्नर को भेजा गया था। आज पंजाब के गवर्नर गुलाब चंद कटारिया ने "जगत ज्योत श्री गुरु



ग्रंथ साहिब सत्कार (अमेंडमेंट) बिल 2026" को अपनी मंजूरी दे दी है। इसके लिए मैं पंजाब के गवर्नर का भी शुक्रिया अदा करता हूँ।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का लिया गया यह फैसला बहुत बड़ा ऐतिहासिक फैसला है। उन्होंने आगे कहा कि धन्य हैं श्री गुरु ग्रंथ साहिब महाराज, जिनमें सभी पंजाबियों की गहरी आस्था है। चाहे पंजाब में कोई सिख हो, चाहे हिंदू भाई हो, चाहे मुस्लिम भाई हो, ईसाई भाई हो और जो भी मूल रूप से पंजाबी हो, उन सभी की आस्था साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब महाराज में है। साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब महाराज एकता और नानक नाम चढ़दी कला तेरे भाने सरबत दा भला का संदेश देते हैं। इसलिए, आज मैं उन सभी को बधाई देता हूँ जिनकी श्री गुरु ग्रंथ साहिब में सच्ची आस्था है कि यह कानून पास हुआ है। अब कोई भी श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी करने की हिम्मत नहीं करेगा और अगर उन्होंने जाने-अनजाने में ऐसा करने की कोशिश की, तो इस कानून के तहत ऐसी कड़ी सजा दी जाएगी कि उनकी आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी और ज़िंदगी में कभी ऐसा करने के बारे में नहीं सोचेंगी।

20 april satyajay times c:29-dummy-1 4/19/2026 10:43 PM Page 6



सत्यजय टाईम्स
हिंदी दैनिक

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुद्वारा गुरु नानक सिमरन केंद्र में मनाया खालसा सजना दिवस

**लुधियाना, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/सत पाल सोनी।** आज ग्रीन सिटी, फिरोजपुर रोड, गुरुद्वारा गुरु नानक सिमरन केंद्र के पास साप्ताहिक गुरमत



समागम में खालसा सजना दिवस और बैसाखी बड़ी श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस मौके पर गुरुद्वारा गुरु नानक सिमरन केंद्र के संरक्षक बाबा सुखबीर सिंह जी ने कीर्तन और कथा के जरिए संगत को गुरु के इतिहास से अवगत कराया और संगत को आनंदित किया। बाबा सुखबीर सिंह खालसा जी ने संगत को प्रेरित करते हुए कहा, खंडे बाटा का पाहुल लेकर बानी बाना के वाहक बनकर सेवा और सिमरन में शामिल हो जाओ। इस मौके पर जत्थेदार तरनजीत सिंह निमाणा, चीफ सेवादार भाई घनैया जी मिशन सेवा सोसायटी और नेशनल प्रेसिडेंट अन्नदाता किसान मजदूर यूनियन, प्रेसिडेंट राजविंदर सिंह वोहरा, पशोतम सिंह, बलविंदर सिंह, इंदरजीत सिंह, अनिल मिडा, जंग सिंह, कमलपाल सिंह, हरविंदर पाल सिंह सोनू, ग्रंथी सुरिंदर पाल सिंह, अवनिंदर कौर, बी.के. अरोड़ा, बहादुर सिंह, गुरदीप सिंह ग्रेवाल मौजूद थे।

### अकाली दल वारिस पंजाब दे के एकजुट होने से पंजाब फिर खुशहाल होगा : लवली

**लुधियाना, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/सत पाल सोनी।** अकाली दल पुनर सुरजीत और अकाली दल वारिस पंजाब दे के बीच बीते दिन हुई बैठक से पंजाब के लोगों में एक खुशहाल और प्रगतिशील सरकार के 2027 के विधानसभा चुनावों में सत्ता में आने की उम्मीद और मजबूत हुई है। ये शब्द अकाली दल वारिस पंजाब दे के वरिष्ठ नेता और पंजाब, पंजाबी तथा पंजाबियत की मजबूती के लिए आवाज उठाने वाले राजीव कुमार लवली ने यहां जारी एक बयान में कहे। इस मौके पर लवली ने कहा कि मौजूदा शासन में पंजाब नशे, बेरोजगारी,



गैंगस्टरवाद और कानून-व्यवस्था की खराब हालत का सामना कर रहा है। इन हालातों से समाज का हर वर्ग, फिर चाहे व्यापारी, किसान, नौकरीपेशा या युवा हो, परेशान है। उन्होंने कहा कि पंजाब, पंजाबी और पंजाबियत की आवाज बुलंद करने में अकाली दल पुनर सुरजीत और अकाली दल वारिस पंजाब दे से लोगों को काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने जोर देते हुए, कहा कि प्रदेश के खराब हालातों से तंग लोगों को महाराजा रणजीत सिंह के समय जैसा खालसा राज केवल इन दोनों पार्टियों की 2027 विधानसभा चुनावों में बनने वाली पंथक सरकार ही दे सकती है, जहां हर व्यक्ति को समान अधिकार मिलेगा और पंजाब फिर से विकास की राह पर आगे बढ़ेगा।

### अखिलेश यादव ने चाय वाले को दिए पीतल के बर्तन

**लखनऊ, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने फतेहपुर में जिस चाय वाले के यहां पर चाय पी थी। उस चाय वाले शेषमन यादव की दुकान पर खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने छापा मारकर दुकान बंद करने की चेतावनी दी थी। अखिलेश ने रविवार को शेषमन और उनको चाय पिलाने वाले शेषमन के पुत्र आर्यन यादव को अपने कार्यालय बुलाया और उन्हें पीतल के बर्तन भेंट किए। अखिलेश यादव ने कहा कि आरोप हैं कि एल्युमिनियम के बर्तन में चाय बनाई जा रही थी। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मेरे घर में भी एल्युमिनियम के बर्तन हैं। मेरा घर भी सील कर दो। चाय वाले को परेशान किया जा रहा है। एक मुस्लिम नेता को आगे करके शिकायत करवाई गई है, जिससे कि केस बन सके।

अखिलेश यादव ने 20 फरवरी में एक दौरे पर जाते समय फतेहपुर में रुककर एक दुकान पर चाय पी थी, जिसकी तस्वीर उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर दी थी। ये पोस्ट वायरल हो गई। इस पर अखिलेश यादव ने लिखा था कि मत डरिए, अपना काम करिए। बुरे दिन जाने वाले हैं। इसके बाद शेषमन यादव की दुकान पर खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी पहुंच गए और छापेमारी की। दुकान सील करने की चेतावनी दी। चाय के सैंपल लेकर भेज दिए गए हैं और रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी। 16 अप्रैल को फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी आए और पूछा कि एल्युमिनियम के बर्तन में चाय क्यों बनाते हो? हमारा जीना मुश्किल हो गया है। हम एल्युमिनियम के बर्तन में नहीं तो क्या सोने-चांदी के बर्तन में चाय बनाएंगे। अखिलेश यादव ने पिता-पुत्र को सपा कार्यालय में बुलाया और उन्हें पीतल के बर्तन भेंट किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों को परेशान कर रही है। पीड़ित है गरीब है वही पीडीए है। ये सरकार अब जाने वाली है।

### पिता ने 10 साल के बेटे के गले में रस्सी बांधकर पेड़ पर जिंदा लटकाया

**बदायूं, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** बदायूं के सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव तिगरा में पांच दिन पहले पेड़ पर लटके मिले दस वर्षीय बालक विशाल उर्फ गोपाल के शव के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि बालक की हत्या उसके पिता विजय सिंह ने ही की थी। आरोपी ने जुए और शराब की लत के चलते पत्नी के जेवर बेच दिए थे, जिसके बाद गुस्से में उसने अपने बेटे को मार डाला। पुलिस ने रविवार को हत्यारोपी पिता को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। 14 अप्रैल को क्षेत्र के गांव तिगरा निवासी विजय सिंह के दस वर्षीय पुत्र विशाल उर्फ गोपाल का शव उसके खेत में पेड़ पर लटका मिला था। मृतक के पिता विजय सिंह ने तब पुलिस को बताया था कि किसी ने उनके बेटे की हत्या कर शव फंदे से लटकाया है। हालांकि, उसने इस संबंध में कोई शिकायती पत्र पुलिस को नहीं दिया था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर परिजनों को सौंप दिया। तीन दिन बाद, 17 अप्रैल को मृतक के मामा राजेश ने पुलिस को एक शिकायती पत्र सौंपा। मृतक के मामा ने अपने पत्र में स्पष्ट आरोप लगाया कि विशाल की हत्या उसके पिता विजय सिंह ने ही की है। इस गंभीर आरोप के बाद पुलिस ने तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी विजय सिंह की तलाश शुरू कर दी।

### शराब पीकर ड्यूटी करने वाला वार्ड ब्वाय निलंबित

**बांदा, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित कुमार घोष ने जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसंडा में वार्ड ब्वाय सुशील कुमार द्वारा 10 अप्रैल को शराब पीकर ड्यूटी करने और अधिकारियों से अमर्यादित व्यवहार करने के वायरल वीडियो का संज्ञान लिया है। अमित कुमार घोष के निदेशों पर स्पष्टीकरण मांगने पर सुशील कुमार ने कोई उत्तर नहीं दिया। जिसके बाद अपर मुख्य सचिव ने उन्हें तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए। इसके बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने वार्ड बॉय को निलंबित कर दिया है तथा अनुशासनिक कार्रवाई के लिए जांच समिति गठित की गई है। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि अस्पताल परिसर में शराब पीना या नशा करना पूरी तरह प्रतिबंधित और गैरकानूनी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मरीजों के उपचार एवं सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# सदियों तक आक्रमण झेल कर भी दृढ़ता से खड़ी है सनातन आस्था : सीएम

## कहा- सनातन आस्था भी अजर-अमर पथ का प्रतीक है

**लखनऊ, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत लखनऊ में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा उत्तर प्रदेश का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी गौरवशाली सनातन विरासत और आधुनिक विकास के नए युग में एक साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सदियों के आक्रमणों के बावजूद सनातन आस्था अडिग रही और आज यतो धर्मस्ततो जयः के भाव के साथ पुनः अपने स्वाभिमान के शिखर पर स्थापित हो रही है।



मुख्यमंत्री ने सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक पुनरुत्थान का उल्लेख करते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल और राजेंद्र प्रसाद के योगदान को याद किया और कहा कि आज वही सांस्कृतिक पुनर्जागरण का अभियान नई ऊंचाइयों पर पहुंच चुका है। इस अवसर पर उन्होंने सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा को रवाना करते हुए इसे भारत की आस्था, एकता और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और दृढ़ नेतृत्व में अपनी गौरवशाली विरासत के साथ-साथ आधुनिक विकास के नए युग में प्रवेश कर रहा है। आज का यह आयोजन इस बात का प्रतीक है कि भारत के शास्त्रों की मान्यता के अनुसार जैसे आत्मा अजर-अमर है, वैसे ही सनातन आस्था भी इस अजर-अमर पथ का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सबने देखा है कि भारत की सनातन संस्कृति पर सदियों से हमले होते रहे, लेकिन हमलावर भारत की आस्था को न तो तोड़ पाए और न ही झुका पाए। लगभग 1000 वर्ष पहले द्वादश ज्योतिर्लिंगों में देवाधिदेव महादेव के प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ भगवान के मंदिर पर विदेशी आक्रांता महमूद गजनवी के नेतृत्व में कायराना हमला किया गया। आक्रांताओं ने भारत की धन-संपदा लूटी, मंदिरों को अपवित्र किया और सनातन आस्था पर प्रहार किया। लेकिन भारत के सनातन धर्म की अटूट आस्था भगवा पताका के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ी रही।

आज 1000 वर्ष बाद जब हम देखते हैं तो भारत की सनातन आस्था पूरी दृढ़ता से विश्व के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही है, जबकि आक्रांताओं का कोई नामोनिशान इस धरती पर नहीं बचा है। यही है यतो धर्मस्ततो जयः का शंखनाद। आक्रांताओं की बर्बरता जिसे रोक नहीं पाई, तोड़ नहीं पाई और झुका नहीं पाई, वही सनातन आस्था आज सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के रूप में मनाई जा रही है।

### गंगा एक्सप्रेसवे पर वाहन जल्द भरेंगे रफ्तार, बदायूं-बरेली से लखनऊ की राह होगी आसान

**बदायूं, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश के बहुप्रतीक्षित गंगा एक्सप्रेसवे पर 29 अप्रैल से वाहन रफ्तार भरेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरदोई से इस महत्वाकांक्षी परियोजना का शुभारंभ करेंगे, जिससे मेरठ से लखनऊ और प्रयागराज तक का सफर काफी आसान हो जाएगा। जबकि बरेली से लखनऊ जाने वालों का सफर भी आसान होगा। यह एक्सप्रेसवे राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति प्रदान करेगा। बदायूं जिले से गंगा एक्सप्रेसवे का 95 किलोमीटर लंबा हिस्सा गुजरा है, जो स्थानीय कनेक्टिविटी को भी बेहतर बनाएगा। एक्सप्रेसवे पूरा बनकर तैयार हो चुका है। कुछ एक काम बचे हैं, जो इस समय कराए जा रहे हैं।



बदायूं जिले में इस एक्सप्रेसवे पर तीन महत्वपूर्ण इंटरचेंज बनाए गए हैं। ये इंटरचेंज दातागंज, बिनावर और बनकोटा के पास स्थित हैं, जो स्थानीय निवासियों और आसपास के क्षेत्रों के लिए एक्सप्रेसवे तक सीधी पहुंच सुनिश्चित करेंगे। इन इंटरचेंज से क्षेत्र के विकास को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, पूरे एक्सप्रेसवे पर हर 15 किलोमीटर के दायरे में पुलिस पिकेट तैनात की जाएगी। इसके साथ ही, आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए एंबुलेंस सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी। वाहनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ तारों के बाड़ लगाए गए हैं, ताकि आवारा पशुओं या अनधिकृत प्रवेश को रोका जा सके।

यह कदम यात्रियों की सुरक्षा और सुगम यात्रा के लिए महत्वपूर्ण है। गंगा एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी है। यह एक्सप्रेसवे राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा। इसकी डिजाइन गति 120 किलोमीटर प्रति घंटा है, जो तीव्र और कुशल यात्रा सुनिश्चित करेगी। एक्सप्रेसवे पर आधुनिक यातायात प्रबंधन प्रणालियों के साथ सीसीटीवी कैमरे भी स्थापित किए गए हैं।

### चारधाम यात्रा का दिल्ली-दून हाईवे पर असर, मेरठ में सिवाया टोल पर लगा जाम

**मेरठ, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** चारधाम यात्रा शुरू होते ही वीकेंड पर दिल्ली-दून हाईवे पर यातायात का दबाव अप्रत्याशित रूप से बढ़ गया है। इसका सबसे गंभीर असर मेरठ के सिवाया टोल प्लाजा पर देखा गया, जहां दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और गाड़ियां घंटों रेंग-रेंग कर आगे बढ़ती रहीं, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। टोल प्रशासन के अनुसार, शनिवार और रविवार को 24 घंटों में 50 हजार से अधिक वाहन सिवाया टोल प्लाजा से होकर गुजरे। यह संख्या सामान्य दिनों की तुलना में काफी अधिक है, जिस कारण टोल प्लाजा पर अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई। बढ़ते दबाव को नियंत्रित करने के लिए टोल कर्मियों को तीन लेन को विपरीत दिशा में खोलना पड़ा, तब जाकर कुछ हद तक राहत मिल सकी। इसके बावजूद दौराला की ओर से लगभग दो किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा और यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में निर्धारित समय से कई घंटे अधिक लगे। यातायात जाम की समस्या को और बढ़ाने में खराब और ब्लैकलिस्टेड फास्टैग का बड़ा योगदान रहा। टोल प्लाजा पर स्कैनिंग के दौरान कई वाहनों के फास्टैग रीड नहीं हो पाए, जबकि कुछ टैग ब्लैकलिस्टेड पाए गए। ऐसे वाहनों को कैश लेन में भेजा गया, जिससे टोल पार करने में लगने वाला समय बढ़ गया और जाम और गहरा हो गया। यात्रियों ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि चारधाम यात्रा के दौरान हर साल यातायात बढ़ता है, लेकिन इस बार भीड़ की तुलना में व्यवस्थाएं कमजोर नजर आईं। राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल वसूली के लिए फास्टैग प्रणाली को अनिवार्य किया गया है, जिसका उद्देश्य बिना रुके इलेक्ट्रॉनिक तरीके से भुगतान सुनिश्चित करना है। वाहन की विंडस्क्रीन पर लगे फास्टैग के स्कैन होते ही टोल राशि स्वचालित रूप से कट जाती है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**लुधियाना, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/सत पाल सोनी।** संस्कारों, कला एवं संस्कृति के संरक्षण एवं प्रसार के उद्देश्य से संस्कार भारती एवं देवकी देव मेमोरियल कॉलेज ऑफ वूमन के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं ध्येय गीत के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नंद लाल जैन जी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में हरकेश मित्तल उपस्थित रहे। साथ ही देवकी देव मेमोरियल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. सरिता बहल एवं आत्म देवकी निकेतन स्कूल की प्रिंसिपल की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथि नंद लाल जैन द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस पावन अवसर पर डॉ. बबीता जैन एवं श्री प्रदीप शर्मा जी सहित अन्य गणमान्य अतिथिगण भी उपस्थित रहे। इसके



पश्चात श्री कपिल शर्मा जी द्वारा ध्येय गीत की सुमधुर प्रस्तुति दी गई, जिसने कार्यक्रम को ऊर्जावान आरंभ प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस आयोजन के अंतर्गत विशेष रूप से देशभक्ति गीतों पर आधारित प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनकी प्रस्तुतियों में देशप्रेम, उत्साह एवं भावनात्मक अभिव्यक्ति का सुंदर समन्वय देखने को मिला, जिसे दर्शकों ने अत्यंत सराहा। इसके अतिरिक्त जसप्रीत मोहन सिंह द्वारा एक आकर्षक कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। वहीं शुभम अनमोल द्वारा ह्यबेजुबानह्व विषय पर आधारित एक संवेदनशील डॉक्यूमेंट्री फि ल्म प्रस्तुत की गई, जिसने दर्शकों को भावनात्मक रूप से प्रभावित किया और समाज के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों का निष्पक्ष मूल्यांकन किया गया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनका उत्साहवर्धन हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, राष्ट्रभक्ति एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था, जिसमें यह कार्यक्रम पूर्णतः सफल रहा।

# महिला आरक्षण नहीं देश के संघीय ढांचे को बदलने का षड्यंत्र कर रही है सरकार : आफताब

**नूंह, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/जुबैर खान।** नूंह लोकसभा में संविधान में संशोधन का बिल गिरने के बाद बीजेपी और कांग्रेस में अब आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। हरियाणा के नूंह से कांग्रेस विधायक चौधरी आफताब अहमद ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बीजेपी की मोदी सरकार की महिला विरोधी नीयत उजागर हो गई है। केंद्र सरकार ने देश की महिलाओं की आंखों में धूल झोंकने का काम किया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार महिलाओं को आरक्षण देना ही नहीं चाहती बल्कि उनकी आड़ में राजनीतिक डीलिमिटेशन करना चाहती है ताकि अपने हिसाब से देश भर में परिसीमन कर सके।विधायक आफताब अहमद ने कहा कि महिला आरक्षण की आड़ में केंद्र सरकार का असली लक्ष्य सिर्फ राजनीतिक डीलिमिटेशन करना था। ये पूरी तरह से भाजपा का एक चुनावी प्रोपेगेंडा था, जो अब जनता को समझ आ गया है। आफताब अहमद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सहित विपक्ष की माँग स्पष्ट है कि इसे तुरंत 543 सीटों में लागू किया जाए। कांग्रेस सरकार को तब तक चैन की नींद सोने नहीं देगी जब तक महिला आरक्षण देश में लागू नहीं हो जाता।विधायक आफताब अहमद ने इसे केवल एक राजनीतिक



ढोंग करार देते हुए आरोप लगाया कि सरकार की मंशा महिलाओं को वास्तव में आरक्षण देने की कभी थी ही नहीं।विधायक आफताब अहमद ने कहा कि संविधान में संशोधन का बिल लोकसभा में पास नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि सरकार वह बिल लेकर आए, जिसे 2023 में सभी दलों ने समर्थन दिया था कांग्रेस सहित सभी दल इसको समर्थन देंगे। आफताब अहमद ने भाजपा व एनडीए पर आरोप लगाया कि वह पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के वोटरों को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष पर आरोप लगाया जा रहा है कि वह महिला विरोधी हैं। जबकि यह बिल्कुल भी सही नहीं है। जिस पुराने बिल की बात आफताब अहमद कर रहे हैं, वह नारी शक्ति वंदन अधिनियम है, जो 2023 में पास हुआ था। इसमें महिलाओं के लिए संसद और राज्य विधानसभाओं में 33 फीसदी आरक्षण की बात कही गई है।विधायक आफताब अहमद ने रविवार को कहा कि महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक देश के संघीय ढांचे को बदलने का षड्यंत्र था। लोकसभा में इसका गिरना लोकतंत्र, संविधान एवं विपक्षी एकजुटता की जीत है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि कल लोकतंत्र की बहुत बड़ी जीत हुई है। मोदी सरकार ने लोकतंत्र को कमजोर करने और संघीय ढांचे को बदलने की साजिश की थी, जिसे विपक्ष ने हरा दिया। ये संविधान की जीत है, देश की जीत है, विपक्षी एकता की जीत है। आफताब अहमद ने कहा कि यह विपक्षी एकजुटता के लिए निर्णायक क्षण है।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि सरकार द्वारा जो साजिश रची गई, उसका उद्देश्य सत्ता हासिल करना है। इसके लिए सरकार ने महिलाओं का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती थी कि महिला आरक्षण के नाम पर विपक्ष यह विधेयक पारित करवा दे ताकि उन्हें मनमाने तरीके से परिसीमन की आजादी मिल जाए जिससे मोदी सरकार को जातिगत जनगणना का सहारा न लेना पड़े।कांग्रेस विधायक आफताब अहमद ने दावा किया कि यह महिला आरक्षण विधेयक की बात नहीं थी। यह बात परिसीमन से जुड़ी हुई थी।

### शादी समारोह से अपहृत एक वर्षीय बच्चा आगरा से बरामद, पांच आरोपी गिरफ्तार

**बदायूं, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** बदायूं के इस्लामनगर थाना पुलिस ने शादी समारोह से अपहृत एक वर्षीय मासूम बच्चे को दो दिन के भीतर सकुशल बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने पांच अपहरणकताओं को गिरफ्तार किया है। इस घटना के खुलासे के लिए एसएसपी अंकिता शर्मा के आदेश पर पुलिस की चार टीमें गठित की गईं थी। इन टीमों ने सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच शुरू की। कड़ी से कड़ी जोड़कर पुलिस आरोपियों तक पहुंची और गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी अंकिता शर्मा ने रविवार को घटना का खुलासा किया। मासूम बेटे को सुरक्षित पाकर माता-पिता की खुशियां लौट आईं। 16 अप्रैल 2026 की रात करीब 12:30 बजे इस्लामनगर के मोनार्क फार्म हाउस में विवाह समारोह से भूखन प्रजापति का एक वर्षीय पुत्र सौरभ का अपहरण कर लिया गया था। वह कमरे में सो रहा था। उसे एक महिला उठा ले गई थी। थाना इस्लामनगर में अज्ञात महिला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई। जांच के दौरान एक संदिग्ध कार फार्म हाउस के बाहर दिखी। यह कार मुनेश पुत्र कुंवरपाल के नाम पर थी। पुलिस ने मुनेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की और अहम सुराग जुटाए।

मुनेश ने बताया कि उसकी रिश्तेदार खुशबू के साथ वह इस्लामनगर आया था। खुशबू ने जयमाला कार्यक्रम के दौरान कमरे में सो रहे बच्चे सौरभ को उठा लिया। बच्चे को आगरा में खुशबू के मौसा दिनेश के घर ले जाया गया। दिनेश और खुशबू ने संतानहीन आगरा निवासी सोनू को बच्चा 70,000 रुपये में बेचने की साजिश रची थी। इसके लिए सोनू से 20,000 रुपये एडवांस ले लिए थे। खुशबू ने बच्चे के कागजात बनवाने का आश्वासन दिया था। पुलिस मुनेश के साथ दिनेश के घर पहुंची, जहां दिनेश और खुशबू ने बच्चे को सोनू और उसकी पत्नी बबली को बेचने की बात कबूली। इसके बाद पुलिस खुशबू और दिनेश को साथ लेकर सोनू के आगरा स्थित घर पहुंची। वहां सोनू की पत्नी बबली और उसकी रिश्तेदार पूजा बच्चे सौरभ के साथ मिलीं। पुलिस ने सौरभ को सकुशल बरामद कर खुशबू, मुनेश, दिनेश, बबली और पूजा को गिरफ्तार किया। घटना में कार जब्त की गई और प्राथमिकी में धारा 142/143(4)/3(5) बीएनएस जोड़ी गई है।

### जयंतीपुर नई में मिट्टी डालकर छोड़ दी सड़क, बनाना भूल गए जिम्मेदार

**मुरादाबाद, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** मुरादाबाद के वार्ड नंबर 53 जयंतीपुर नई आबादी का हाल भी अन्य इलाकों की तरह बदहाल है। यहां एक दशक बाद सड़क बनाने की कोशिश भी हुई तो आधी-अधूरी। सड़क निर्माण के लिए नगर निगम ने मिट्टी डालकर काम छोड़ दिया। अब वही मिट्टी उड़ने से स्थानीय दुकानदार और अन्य लोग परेशान हो रहे हैं। सड़क का निर्माण कब होगा, इस बारे में स्थानीय लोगों को सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है। जयंतीपुर नई आबादी के लोगों का कहना है कि करीब 11 साल पहले मस्जिद की तरफ जाने वाली इस रोड का निर्माण किया गया था।

उसके बाद सड़क में गहरे गड्ढे हो गए थे। स्थानीय लोगों ने सड़क के निर्माण की मांग की। एक माह पहले नगर निगम ने सड़क निर्माण के लिए मिट्टी गिर दी लेकिन सड़क का निर्माण नहीं किया। इस कारण दुकानदार और स्थानीय लोग परेशान हैं। इसी रोड से मस्जिद में नमाजी नमाज पढ़ने के लिए जाते हैं। दुकानदार मुनाजिर ने बताया कि रोड पर मिट्टी डालने के बाद एक माह से निर्माण कार्य नहीं हुआ। इस वजह से धूल दुकानों में घुस रही है। आम लोग भी परेशान हो रहे हैं। नालियों की गंदगी से लोग पहले से परेशान हैं। सरताज का कहना है कि इस रोड से नमाजी मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए जाते हैं। इस दौरान सिर और नाक ढककर चलना पड़ता है। वर्षों बाद मिट्टी गिरी लेकिन सड़क की स्थिति में सुधार नहीं हो सका। ठेकेदार को शीघ्र सड़क का निर्माण करना चाहिए। जयंतीपुर नईबस्ती निवासी मेहंदी हसन का कहना है कि सड़क के नाम पर मिट्टी और धूल पड़ी हुई है। नालियों की स्थिति ठीक नहीं है। स्थानीय लोग काफी समय से परेशानी झेल रहे हैं।

# विपक्ष के पास महिला अपराधों के पाप से मुक्ति पाने का मौका था : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** राजधानी लखनऊ में रविवार को सीएम योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पत्रकार वार्ता की। इस दौरान नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा की और विपक्ष को घेरा। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि सपा तुष्टिकरण की राजनीति करती है। मुस्लिम बहनों के लिए आरक्षण की मांग करते हैं, जबकि हमारा संविधान किसी को भी धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के दिन विपक्ष ने महिलाओं की अपेक्षाओं में पानी फेरा है। उस दिन को उन्होंने काला दिन बना दिया। इसके विरोध में महिलाएं लगातार प्रदर्शन कर रही हैं। आने वाले समय में वोट की ताकत से भी महिलाएं



विपक्ष को सबक सिखाएंगी।

इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा था देश में चार ही जाति है। नारी, युवा, गरीब और किसान। भारत को कमजोर करने की नीयत से जिन्होंने जातिवाद के नाम पर देश को लूटा है उनके लिए ये एक चुनौती थी। इसीलिए, उन्होंने ऐसे प्रोग्रेसिव कदम का कांग्रेस और उनके पार्टनर ने विरोध किया है। आधी आबादी के मन में विपक्ष के इस नारी विरोधी आचरण को लेकर भारी आक्रोश है। कांग्रेस, सपा, आरजेडी, तृणमूल, डीएमके जैसे जो दल इस पाप में भागी थे, उनसे आधी आबादी आक्रोशित है। ये लोग सुधारवादी कदमों के बैरियर के रूप में आगे जाकर षडयंत्र करता है। उन्होंने कहा कि महिला संगठनों ने महिला आरक्षण बिल को 2023 के बजाय 2029 में लागू करने की मांग की। सरकार विशेष अधिवेशन भी लेकर आई। कुछ राज्यों ने उनके हक को कम करने की चिंता जताई थी। प्रधानमंत्री के तय किया था, किसी का हक न मारा जाए, इसलिए आरक्षण की सीटें बढ़ाने का तय किया था। 2011 की जनगणना के मुताबिक उत्तर और दक्षिण के राज्यों में सीटें बढ़नी थीं। इससे नारी को उसका स्वाभाविक अधिकार मिलता। लोगों ने न जाने क्या क्या बात कही। सपा ने मुस्लिम आरक्षण की बात कही। सीएम ने कहा कि संसद का विशेष अधिवेशन इसी बात के लिए हुआ था, राज्यों के हक का भी इस दौरान पूरा ध्यान रखा गया। सभी राज्यों में सीटें समान अनुपात में बढ़ाई गई, किसी का हक कम नहीं होना था।

# स्विट्जरलैंड की खूबसूरती पर फिदा हुई जान्हवी, शेयर कीं फोटोज





**मुंबई, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो**। अभिनेत्री जान्हवी कपूर खूब सुर्खियों में रहती हैं। बीते दिन उन्होंने जेनेवा में एक इवेंट में हिस्सा लिया। इस इवेंट में उन्होंने 3डी एम्ब्रॉयडरी वाले गाउन में शिरकत की। अपने ग्लैमरस और स्टाइलिश अंदाज से उन्होंने खूब लाइमलाइट लूटी। इवेंट के बाद जान्हवी कपूर स्विट्जरलैंड की खूबसूरती में खो गई हैं। उन्होंने कुछ तस्वीरें शेयर की हैं।

जान्हवी कपूर ने आज रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से कुछ फोटोज साझा की हैं। इसमें वे स्विट्जरलैंड में घूमती नजर आ रही हैं। उनके चेहरे की मुस्कान और अंदाज बता रहा है कि भरपूर मस्ती की है। पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'स्विस सूरज में कुछ तो बात है'। जान्हवी कपूर ब्लू कलर के आउटफिट में किसी स्कूल स्टूडेंट जैसी लग रही हैं। जान्हवी कपूर ने अपनी कई सारी दिलकश फोटोज शेयर की हैं। एक तस्वीर में वे आइसक्रीम एंजॉय करती दिख रही हैं। उनके पीछे एक शख्स खड़ा नजर आ रहा है, जिसका चेहरा तो स्पष्ट नहीं नजर आ रहा, सिर्फ एक झलक कैमरे में कैद हो गई है। शख्स का लुक जान्हवी के बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया जैसा है। ऐसे में सवाल है कि क्या जान्हवी के साथ शिखर भी स्विट्जरलैंड की सैर कर रहे हैं। जान्हवी कपूर के इस लुक पर नेटिजंस के धड़ाधड़ कमेंट्स आ रहे हैं और अधिकांश यूजर्स एक्ट्रेस के लुक और खूबसूरती की तारीफ कर रहे हैं। कोई उन्हें अपना क्रश बता रहा है तो कोई उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस। वहीं, कुछ यूजर्स मजाकिया अंदाज में उनकी ड्रेस पर कमेंट कर पूछ रहे हैं, 'किस स्कूल की ड्रेस है'? जान्हवी के पोस्ट पर ओरी ने कमेंट किया है, 'आई मिस यू'। वहीं जान्हवी के भाई अर्जुन कपूर ने भी रिएक्शन दिया।

## आशा भोसले को याद कर भावुक हुईं पोती जनाई

**मुंबई, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो**। बॉलीवुड की महान गायिका आशा भोसले ने 12 अप्रैल को इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके निधन से उनकी पोती जनाई भोसले काफी उदास हैं। वह अब भी अपनी दादी के गुजर जाने का शोक मना रही हैं। हाल ही में जनाई भोसले ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की है। जनाई ने अपनी दादी की याद में पुरानी तस्वीरें पोस्ट की हैं। इसके साथ उन्होंने एक भावुक पोस्ट लिखी है। शाम को जनाई ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर की और एक पोस्ट लिखी। उन्होंने जो तस्वीरें शेयर की हैं, उसमें से एक में आशा भोसले अपने बेटे आनंद और पोती जनाई के साथ गाते हुए दिख रही हैं। दूसरी तस्वीर में वह जनाई को गले लगाते हुए दिख रही हैं, जबकि तीसरी तस्वीर में वह दिवाली के जश्न के दौरान दीयों की एक थाली पकड़े हुए हैं। तस्वीरों के साथ कैप्शन में जनाई भोसले ने लिखा 'बहुत सोचने-विचारने के बाद, मुझे एहसास हुआ कि आपने हमें जीना तो सिखाया, लेकिन आपके बिना जीना नहीं सिखाया। आपकी कमी हर पल, हर घंटे, हर मिनट, हमारी हर सांस के साथ महसूस होती है।


# पैपराजी ने बोली ऐसी बात कि भड़क गई श्रुति हासन



**मुंबई, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो**। एक्ट्रेस श्रुति हासन अपनी अपकमिंग तेलुगु फिल्म 'आकासामलो ओका तारा' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में वह मुंबई में एक रेस्टोरेंट से बाहर निकलती हुई नजर आईं। इस दौरान पैपराजी ने उन्हें एक खास नाम से बुलाया। इस पर श्रुति हासन भड़क गईं। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि श्रुति हासन रेस्टोरेंट से बाहर निकल रही हैं। इस बीच कई पैपराजी ने उनकी तस्वीरें ली और उनका वीडियो बनाया। एक पैपराजी ने उन्हें 'मम्मा' कह कर बुलाया। इससे 40 साल की श्रुति काफी चिढ़ गईं और अपना आपा खो बैठीं। उन्होंने इस टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। श्रुति ने कहा, 'कौन है मम्मा? आपकी मम्मा है? क्या बक रहे हो तुम?' इस वीडियो पर कई यूजर्स ने भी कमेंट किया है। यूजर्स ने श्रुति हासन का साथ दिया है। एक यूजर ने लिखा है 'मुझे समझ में नहीं आता है कि लोग लड़कियों को परेशान करके हीरो क्यों बनते हैं।' एक और यूजर ने लिखा है 'लोग क्यों परेशान करते हैं।

कुछ शर्म करो।' एक और यूजर ने लिखा है 'पैपराजी सबसे ज्यादा उकसाने वाले होते हैं।' आपको बता दें कि श्रुति हासन आखिरी बार फिल्म 'कुली' में नजर आई थीं। इसमें रजनीकांत, नागार्जुन अक्किनेनी, सौबिन शाहिर, उपेंद्र, सत्यराज, रचिता राम और आमिर खान जैसे कलाकार शामिल थे। एक्ट्रेस अब अगली बार 'कॉल मी बे' सीजन 2 में नजर आएंगी। इसमें अनन्या पांडे बेला बे चौधरी के रूप में वापसी कर रही हैं। श्रुति के पास फिल्म 'आकासामलो ओका तारा' भी है। इसमें दुलकर सलमान और सात्विका वीरवल्ली होंगी।

## महिला आरक्षण बिल पास ना होने पर रुपाली गांगुली नाराज



**मुंबई, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो**। सीरियल अनुपमा से पॉपुलर हुईं अभिनेत्री रुपाली गांगुली कई मुद्दों पर अपनी राय जाहिर करती हैं। हाल ही में जब संसद में महिला आरक्षण बिल पास नहीं हो सका तो इसे लेकर एक्ट्रेस काफी नाराज आईं। उनका मानना है कि यह बिल देश की महिलाओं का हक था। विस्तार से जानिए इस मुद्दे पर रुपाली ने क्या कहा? एक देश जिसमें मां दुर्गा की पूजा होती है, जहां हम नारी को शक्ति मानते हैं। हमारे परिवार को एक औरत अकेले संभालती है। उसी देश में तीस साल से महिला आरक्षरण बिल पेंडिंग है। जब इस बिल को लेकर वोट देने की बात आई तो कुछ लोगों ने ना कह दिया। उन्हें नहीं चाहिए था कि हम औरतें संसद में आएं। रुपाली गांगुली आगे कहती हैं, यह सिर्फ एक बिल नहीं था, ये हमारा हक था। ये हमारा अधिकार था। लेकिन उन्होंने हाथ उठाकर हमारा अधिकार ठुकरा दिया। महिलाओं के लिए भी रुपाली गांगुली ने कैप्शन में एक मैसेज लिखा है। वह लिखती हैं, अनुपमा ने जिंदगी में बहुत बार सुना है कि तुम सिर्फ घर संभालो। और कल संसद में भी 70 करोड़ औरतों को यही सुनाया गया। हम औरतें भूलती नहीं हैं। हम माफी भी जल्दी नहीं देती हैं। और हम वोट करना भी जानते हैं। इस तरह से रुपाली गांगुली ने संसद में बैठे सांसदों और राजनैतिक पार्टियों को कड़ा संदेश

# तमन्ना भाटिया ने तिरुपति बालाजी मंदिर में किए भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन



**मुंबई, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो**। आज सुबह रविवार को तमन्ना भाटिया ने तिरुपति बालाजी मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर के अवतार विष्णु के दर्शन किए। यह मंदिर आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में तिरुमाला की सात पहाड़ियों पर स्थित है। इसकी खास झलक तमन्ना ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है।

तमन्ना ने आज 19 अप्रैल को रविवार के दिन भगवान विष्णु के अवतार भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन किए। यह प्राचीन मंदिर तिरुपति बालाजी मंदिर भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित है। तमन्ना ने इसकी खास झलक अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की है। तमन्ना ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर मंदिर से एक खास वीडियो अपने फैंस के लिए शेयर किया है। इस वीडियो में तमन्ना माथे पर लाल बिंदी लगाए लाल चुनरी पहने नजर आ रही हैं, जिसके पीछे 'अच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम' भजन सुनाई दे रहा है। इसके साथ ही तमन्ना ने मंदिर से एक खास तस्वीर भी शेयर की है। इस तस्वीर में उनके साथ कई लोग नजर आ रहे हैं और पीछे मंदिर की खास झलक दिखाई दे रही है।

तमन्ना भाटिया 2026 में 'रेंजर' (अजय देवगन के साथ), 'वन फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट', और 'रागिनी एमएमएस 3' जैसी कई आगामी फिल्मों और वेब सीरीज में नजर आ सकती हैं। इसके अलावा, वह 'अरनमनई 5' और एक अनटाइटल्ड तमिल फिल्म (विशाल के साथ) में भी काम कर रही हैं।

## काजोल ने बेटी न्यासा देवगन के जन्मदिन की झलकियां फैंस संग की साझा



**मुंबई, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो**। न्यासा देवगन कल अपना 23वां जन्मदिन मनाएंगी। बेटी के बर्थ डे सेलिब्रेशन को काजोल एक दिन पहले से उत्साहित हैं। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें न्यासा देवगन के बर्थ डे सेलिब्रेशन की झलकियां मिल रही हैं। काजोल ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इसमें एक कप में आइसक्रीम रखी है और हैप्पी बर्थ डे लिखा है। एक कैंडल भी लगी है। इस वीडियो के साथ ही काजोल ने कैप्शन लिखा, और सेलिब्रेशन शुरू हो गया है। आगे हार्ट इमोजी भी काजोल ने बेटी न्यासा के लिए शेयर किया है। बॉलीवुड के स्टार किड की तरह न्यासा देवगन का इरादा अभी फिल्मों में आने का नहीं है। काजोल और अजय के हिसाब से न्यासा अपनी पढ़ाई पर फोकस कर रही हैं। लेकिन न्यासा को बॉलीवुड स्टार किड्स के साथ पार्टी में जरूर देखा जाता है। वह सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। काजोल की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह महारागिनी में नजर आएंगी। पिछले साल वह मां और सरजमीं जैसी फिल्मों में दमदार किरदार निभाती दिखी थीं। साथ ही उन्होंने ट्विंकल खन्ना के साथ एक टॉक शो टू मच भी किया था। इस शो में बॉलीवुड सेलेब्स आकर अपने कई राज बताते थे।

## क्रिकेट

# अजीत अगरकर को मिला इनाम, बीसीसीआई ने एक साल के लिए कॉन्ट्रैक्ट रीन्यू किया



**मुंबई, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो**। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के कॉन्ट्रैक्ट को रीन्यू किया और इस तरह उनका कार्यकाल एक साल के लिए और बढ़ गया है। यह फैसला 2027 वनडे वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि टीम चयन में निरंतरता बनी रहे। हालांकि, अब से एक साल यानी जून 2027 तक के लिए उनके कार्यकाल का विस्तार हुआ है। अगले साल वनडे विश्वकप अक्तूबर-नवंबर में दक्षिण अफ्रीका में होना है। ऐसे में अगरकर के कार्यकाल को तब भी विश्व कप तक के लिए बढ़ाया जा सकता है। विश्व कप से ठीक पहले चयनकर्ता में बदलाव टीम के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

अगरकर की अगुआई में अक्तूबर 2023 से मार्च 2026 के बीच भारतीय टीम ने चार आईसीसी टूनार्मेंट के फाइनल खेले, जिनमें से तीन में जीत हासिल की। इसमें दो टी20 वर्ल्ड कप और एक चैंपियंस ट्रॉफी शामिल हैं। ऐसे में उनका कॉन्ट्रैक्ट रिन्यू होना लगभग तय माना जा रहा था।

बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया, 'अगरकर ने खुद एक्सटेंशन नहीं मांगा। चयनकर्ता अधिकतम चार साल तक काम कर सकता है, इसलिए उनका कॉन्ट्रैक्ट बढ़ाया नहीं बल्कि रीन्यू किया गया है।' सूत्रों के मुताबिक, अगरकर हमेशा चाहते थे कि उनका प्रदर्शन ही उनके भविष्य का फैसला करे।


अगरकर के कार्यकाल में चयन समिति ने कई अहम और साहसी फैसले लिए। विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट संन्यास को सिंपल तरीके से संभालने के साथ-साथ अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के रिप्लेसमेंट के तौर पर नए तेज गेंदबाजों को मौका देना शामिल है। इसके अलावा, टी20 वर्ल्ड कप में शुभमन गिल को बाहर कर फॉर्म में चल रहे ईशान किशन को मौका देना भी एक बड़ा और साहसी निर्णय रहा।

बीसीसीआई का मानना है कि 2027 वनडे वर्ल्ड कप से पहले टीम में स्थिरता बेहद जरूरी है। अगरकर के बने रहने से चयन प्रक्रिया में निरंतरता बनी रहेगी और टीम को लंबी योजना के तहत तैयार किया जा सकेगा। मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ अगरकर की जुगलबंदी भी अभी तक शानदार रही है। हालांकि, टेस्ट में भारत को अपने घर में हार का मुंह देखना पड़ा है। इसे भी आने वाले समय में अगरकर सुधारने की कोशिश करेंगे।

## पीएसएल-नकवी की फजीहत, मुजरबानी विवाद से उनकी टी20 लीग पर फिर लगा दाग

**नई दिल्ली, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो**। पाकिस्तान सुपर लीग एक बार फिर विवादों में है। जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी पर लगाए गए दो साल के प्रतिबंध को लेकर नया मोड़ आ गया है। खिलाड़ी की पीआर एजेंसी ने साफ कहा है कि बिना अनुबंध के प्रतिबंध लगाना पूरी तरह गलत है, जिससे लीग की साख पर सवाल खड़े हो गए हैं। मुजरबानी की एजेंसी ने बयान जारी कर पीएसएल के फैसले को चुनौती दी है। उनके मुताबिक, इस्लामाबाद यूनाइटेड के साथ सिर्फ बातचीत हुई थी, लेकिन कोई आधिकारिक अनुबंध साइन नहीं हुआ। ऐसे में अनुबंध उल्लंघन का आरोप पूरी तरह बेबुनियाद है। एजेंसी ने इसे बेहद ज्यादा और गलत सजा बताया। एजेंसी ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी विदेशी लीग में खेलने के लिए एनओसी जरूरी होता है, जो तभी मिलता है जब वैध कॉन्ट्रैक्ट मौजूद हो। चूंकि मुजरबानी को ऐसा कोई साइन किया हुआ कॉन्ट्रैक्ट मिला ही नहीं, इसलिए पूरी प्रक्रिया अधूरी थी। इस लापरवाही ने पीएसएल के प्रशासनिक ढांचे पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।


# रैंडी ओर्टन-कोडी रोड्स में कौन बना चैंपियन? ब्रेकर ने सेथ रॉलिंस का किया बुरा हाल



**लॉस वेगस, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो**। रेसलिंग के सबसे बड़े मंच रेसलमेनिया के 42वें संस्करण का क्या धमाकेदार आगाज हुआ है। इवेंट के पहले दिन ने फैंस को चौंकाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। लास वेगास के एलिगियेंट स्टेडियम में खेले गए इस इवेंट में 50 हजार से ज्यादा दर्शकों को कड़े मुकाबले, सरप्राइज रिटर्न और भावुक कर देने वाले पलों का जबरदस्त मेल देखने को मिला। इस रात ने साफ कर दिया कि डब्ल्यूडब्ल्यू में कुछ भी कभी भी हो सकता है। अभी रेसलमेनिया का दूसरा दिन बाकी है और इसका सबसे अहम मुकाबला डब्ल्यूडब्ल्यूई हेवीवेट चैंपियन सीएम पंक और ओटीसी यानी रोमन रेंस के बीच होना है।

अनडिस्प्यूटेड डब्ल्यूडब्ल्यूई टाइटल मैच में कोडी रोड्स फैंस के फेवरेट के तौर पर उतरे थे, लेकिन रिंग में उनका अंदाज बिल्कुल अलग था। उन्होंने मैच के दौरान नियमों को तोड़ते हुए पूरी तरह हील (विलेन) का रूप अपना लिया। कोडी ने आखिरकार जीत हासिल कर ली, लेकिन मैच खत्म होने के बाद रैंडी ओर्टन ने उन्हें अपने अंदाज में करारा जवाब दिया और जोरदार पंट मारकर यह जता दिया कि कहानी अभी खत्म नहीं हुई है। कोडी भले ही अनडिस्प्यूटेड डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन बन गए हों, लेकिन आखिर में रैंडी ओर्टन टाइटल को हाथ में पकड़े दिखे। पहले दिन का अंत इससे बेहतर नहीं हो सकता था। इस इवेंट का सबसे बड़ा सरप्राइज पेज की वापसी रही। ब्री बेला के साथ टीम बनाकर उन्होंने विमेंस टैग टीम मैच में हिस्सा लिया। मैच में पेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एलेक्सा ब्लिस पर रैंपेज मूव लगाकर जीत हासिल की। उनकी वापसी पर दर्शकों का जबरदस्त रिएक्शन देखने को मिला और यह पल नाइट-1 का सबसे यादगार मोमेंट बन गया। गुंथर और सेथ रॉलिंस के बीच मुकाबला नाइट का सबसे बेहतरीन मैच माना गया। दोनों सुपरस्टार्स ने जबरदस्त फाइट दी, लेकिन तभी ब्रॉन ब्रेकर ने एंट्री लेकर सबको चौंका दिया। रेफरी की नजर बचाकर ब्रेकर ने रॉलिंस पर हमला किया, जिससे गुंथर को फायदा मिला और उन्होंने चोकहोल्ड लगाकर जीत अपने नाम कर ली। नाइट-1 का सबसे भावुक पल तब आया जब बियांका बेलैर ने फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया। उन्होंने घोषणा की कि वह अपने पति मोंटेज फोर्ड के साथ अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं।

# कोलकाता नाइट राइडर्स को राहत, मथीशा पथिराना टीम से जुड़े, जीत की तलाश में बनेंगे नई उम्मीद?



**कोलकाता, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो**। आईपीएल 2026 में खराब दौर से गुजर रही कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए राहत भरी खबर आई है। श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना आखिरकार टीम से जुड़ गए हैं। फ्रेंचाइजी ने इस बात की पुष्टि की, जिससे टीम को मौजूदा कठिन समय में बड़ा सहारा मिला है। पथिराना टी20 वर्ल्ड कप के दौरान लगी पिंडली की चोट से उबरने के बाद टीम में शामिल हुए हैं। उन्होंने श्रीलंका क्रिकेट द्वारा अनिवार्य फिटनेस टेस्ट पास किया और इसके बाद उन्हें नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट मिला। इसके बाद ही वह ङङफके स्क्वॉड से जुड़ सके। हालांकि, पथिराना के तुरंत प्लेइंग इलेवन में शामिल होने की संभावना कम है। टीम मैनेजमेंट पहले उनकी मैच फिटनेस को परखना चाहता है। इसके लिए उन्हें कुछ ट्रेनिंग सेशन दिए जाएंगे, जिसके बाद ही अंतिम फैसला लिया जाएगा।

केकेआर ने पिछले आईपीएल ऑक्शन में पथिराना को 18 करोड़ रुपये में खरीदा था। उनकी अनोखी स्लिंग एक्शन गेंदबाजी और डेथ ओवर्स में सटीक यॉर्कर डालने की क्षमता उन्हें बेहद खास बनाती है। ऐसे में टीम को उनसे काफी उम्मीदें हैं, खासकर जब गेंदबाजी यूनिट दबाव में नजर आ रही है। केकेआर का इस सीजन अब तक प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। टीम छह मैच खेल चुकी है, लेकिन अभी तक एक भी जीत हासिल नहीं कर सकी है और पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे बनी हुई है। ऐसे में पथिराना का आना टीम के लिए नई उम्मीद लेकर आया है।

पथिराना ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले से पहले टीम को जॉइन किया है। फैंस को उम्मीद है कि उनकी मौजूदगी से टीम का प्रदर्शन बेहतर होगा और केकेआर जीत का खाता खोल सकेगी।

## क्या खलील के बाद आयुष म्हात्रे भी होंगे लीग से बाहर?

**हैदराबाद, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो**। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बल्लेबाजी कोच माइक हसी ने शीर्ष क्रम के युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे की चोट पर अपडेट देते हुए कहा कि सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ बल्लेबाजी करते समय हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था। म्हात्रे की चोट की गंभीरता का पता नहीं चल सका है। उसके लिए यह निश्चित रूप से बुरा है। हसी ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'यह हैमस्ट्रिंग टियर है। पता नहीं यह कितना बुरा है। हम शायद अगले दिन उसका स्कैन करेंगे। मुझे पक्का नहीं पता, लेकिन हां, यह काफी बुरा लग रहा है। बदकिस्मती से, उसका बाहर होना एक बड़ा नुकसान होगा क्योंकि वह हमारे लिए अच्छे टच में था।' उन्होंने आगे कहा, 'वह एक रोमांचक युवा प्रतिभा है, लेकिन इससे किसी और को मौका मिलेगा, इसलिए यह भी रोमांचक है। हमारे पास कुछ बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं जिन्हें मौका नहीं मिला है।

# लियोनल मेसी का डबल धमाका, इंटर मियामी ने कोलोराडो रैपिड्स को 3-2 से हराया



**डेनवर, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो**। लियोनल मेसी की कप्तानी में इंटर मियामी ने एक रोमांचक मुकाबले में कोलोराडो रैपिड्स को 3-2 से हरा दिया। 75,824 दर्शकों की मौजूदगी में यह मैच एम्पावर फील्ड एट माइल हाई में खेला गया। मेजर लीग सॉकर के इतिहास की यह दूसरी सबसे बड़ी उपस्थिति थी। मियामी की जीत में कप्तान लियोनल मेसी की अहम भूमिका रही। मेसी ने दो गोल करते हुए टीम को जीत दिलायी।

मैच की शुरूआत से ही इंटर मियामी ने आक्रामक खेल दिखाया। 18वें मिनट में मेसी ने पेनल्टी के जरिए गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। यह इस सीजन में उनका छठा गोल था। पहले हाफ के अंत में, स्टॉपेज टाइम में जर्मन बटेर्राम ने शानदार हेडर के जरिए मियामी की बढ़त 2-0 कर दी। इस गोल में सिल्वेटी का सटीक क्रॉस अहम रहा, जो इस सीजन में उनका तीसरा असिस्ट था। दूसरे हाफ में कोलोराडो रैपिड्स ने जोरदार वापसी की। 58वें मिनट में राफेल नवारो और 62वें मिनट में डैरेन यापी ने गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। मैच रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका था और दोनों टीमें जीत के लिए संघर्ष कर रही थीं। हालांकि, 79वें मिनट में मेसी ने एक बार फिर अपना जादू दिखाया। उन्होंने रोद्रिगो डी पॉल के पास पर शानदार कर्लिंग शॉट लगाकर गेंद को गोलपोस्ट के ऊपरी कोने में पहुंचाया, जबकि डी पॉल का तीसरा असिस्ट रहा।

मैच में अंत तक इंटर मियामी ने अपनी बढ़त बनाए रखी और 3-2 से जीत हासिल कर तीन अहम अंक अपने नाम किए। इस जीत के साथ टीम ने सीजन में मजबूत प्रदर्शन जारी रखा है, जहां अब तक वह तीन जीत, एक ड्रॉ और एक हार के साथ 13 अंक हासिल कर चुकी है।

इंटर मियामी अब अगले मुकाबले में फिर से कोलोराडो रैपिड्स का सामना करने के लिए डेनवर का दौरा करेगा, जहां एक और रोमांचक भिड़ंत की उम्मीद की जा रही है।

Postal Registration no L-2/HR/FBD/290/24-26

सत्यजय टाईम्स
हिंदी दैनिक

## संक्षिप्त समाचार

# फरीदाबाद पुलिस का बड़ा एक्शन, एक सप्ताह में 29 साइबर अपराधी गिरफ्तार

**फरीदाबाद, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/सुनील अग्रवाल।** फरीदाबाद साइबर थाना टीमों ने 11 से 17 अप्रैल के बीच एक सप्ताह के दौरान पुलिस की बड़ी सफलता हासिल करते हुए 29 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, इस कार्रवाई के दौरान कुल 22,25,410 रुपये की ठगी गई राशि भी बरामद की गई है। यह कार्रवाई फरीदाबाद के तीनों साइबर थानों, एनआईटी, सेंट्रल और बल्लभगढ़ की संयुक्त टीमों द्वारा की गई। जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने कुल 6 मामलों में कार्रवाई करते हुए इन 29 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें साइबर थाना एनआईटी का 1 मामला, सेंट्रल के 3 और बल्लभगढ़ के 2 मामले शामिल हैं। इसके अलावा पुलिस ने साइबर अपराध से जुड़ी 256 शिकायतों का समाधान करते हुए 2,06,069 रुपये की राशि को संबंधित खातों में फ्रीज कराया है। यह कार्रवाई भी इसी एक सप्ताह के दौरान की गई, जिससे पीड़ितों को राहत मिली है।



गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सौरभ, रोहित कुमार, हिमांशु, ओमवीर सिंह, जयवीर सिंह, छगन सिंह, सुरेन्द्र कुमार, अमित, राहुल कुमार, विनायक, राहुल, अभिनव, मयुर मारूती, सागर, अनापार्थी रमेश, वीरती सत्यनारायण, नरेन्द्र कुमार, लवकुश, शरद, समृद्धि, शुभम, कमल कांत, दीपक पांचाल, अविनाश, अरसोनी कुमार, सुमित, सैद अरजारदर हुसैन और समीर अली शामिल हैं। फरीदाबाद पुलिस ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि वे साइबर अपराध के प्रति सतर्क रहें और किसी भी प्रकार के लालच में न आएं। यदि किसी के साथ साइबर ठगी होती है तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या आधिकारिक वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं। पुलिस का कहना है कि साइबर अपराधियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकि शहर में सुरक्षित डिजिटल माहौल सुनिश्चित किया जा सके।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर 12 लाख की लूट का खुलासा

### तीन आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर 12 लाख रुपये की लूट के सनसनीखेज मामले में फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा सेक्टर-30 ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस द्वारा



अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सख्त अभियान के तहत की गई है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनोज (संजय कॉलोनी), नितेश (जीवन नगर पार्ट-2) और गौतम (पर्वतीय कॉलोनी) निवासी फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, 12 अप्रैल को हुई इस वारदात के संबंध में थाना सेक्टर-8 में मामला दर्ज किया गया था।

शिकायतकर्ता अंकित (चावला कॉलोनी) ने पुलिस को बताया कि उसने 12 लाख रुपये प्रहलाद के माध्यम से दिल्ली भिजवाने थे। प्रहलाद एक रैपिडो चालक मनोज के साथ रकम लेकर निकला था। रास्ते में प्रहलाद ने फोन कर सूचना दी कि एक्सप्रेस-वे पर अज्ञात बदमाशों ने उससे पैसे लूट लिए हैं। जांच के दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि रैपिडो चालक मनोज ही इस साजिश का मुख्य आरोपी निकला। पूछताछ में सामने आया कि मनोज पहले भी कई बार प्रहलाद के साथ पैसे लेकर दिल्ली जा चुका था। 11 अप्रैल को जानकारी मिलने के बाद उसने अपने साथियों के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई।

घटना वाले दिन जैसे ही प्रहलाद और मनोज एक्सप्रेस-वे पर पहुंचे, तभी पीछे से रवि, हरीश और गौतम दूसरी मोटरसाइकिल पर आए। रवि ने चलती बाइक से मनोज की मोटरसाइकिल की चाबी निकाल ली। बाइक रुकते ही हरीश ने चाकू दिखाकर प्रहलाद से 12 लाख रुपये लूट लिए और सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

वारदात के बाद आरोपियों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए मोटरसाइकिल भी बदल ली। उन्होंने अपनी बाइक नितेश को दे दी और उसकी मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि फरार आरोपी रवि और हरीश की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि दोनों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गिरफ्तार आरोपियों को माननीय अदालत में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, ताकि मामले की गहन जांच की जा सके और अन्य तथ्यों का खुलासा हो सके।

# इंदिरा-प्रियंका तक सिमटी कांग्रेस की राजनीति, आम महिला उपेक्षित : कृष्णपाल गुर्जर

## कांग्रेस और इंडी गठबंधन के महिला-विरोधी रवैये से नारी शक्ति वंदन संशोधन बिल गिरा

- नारी शक्ति वंदन बिल गिराकर कांग्रेस ने पाप किया है, जो इनको भस्म कर देगा: कृष्णपाल गुर्जर
- कांग्रेस का महिलाओं के अधिकारों पर चोट, फिर जश्न और जयनाद निंदनीय : कृष्णपाल गुर्जर

**फरीदाबाद, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/रुपेश बंसल।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन को सुनने के बाद केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन बिल को लोकसभा में गिराकर इन दलों ने पाप किया है, जिसका परिणाम उन्हें भुगतना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि यह केवल सरकार का विरोध नहीं बल्कि देश की हर बहन का अपमान है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने महिलाओं के अधिकारों को ठेस पहुंचाई है और इस अपमान की कीमत उन्हें आने वाले समय में चुकानी पड़ेगी।

श्री गुर्जर ने कांग्रेस की राजनीति पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी राजनीति इंदिरा से प्रियंका तक सीमित है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस केवल अपने परिवार की महिलाओं को आगे बढ़ाना चाहती है, जबकि आम महिलाओं को संसद और विधानसभा तक पहुंचने का अवसर नहीं दिया जाता।



महिलाओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन सुनते केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, विधायक मूलचंद शर्मा व अन्य।
छाया: सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।

भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बल्लभगढ़ के विधायक मूलचंद शर्मा, जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल और बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन सुना।

कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि आज देश की नारी में आक्रोश है और इसका असर आने वाले समय में चुनावों में देखने को मिलेगा। कांग्रेस, सपा, टीएमसी और डीएमके जैसे दलों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने इसे शर्मनाक बताते हुए कहा कि एक तरफ महिलाओं के अधिकार छीने जा रहे थे और दूसरी तरफ विपक्ष जश्न मना रहा था।

उन्होंने कहा कि भले ही आज एनडीए के पास दो-तिहाई बहुमत नहीं है, लेकिन आने वाले समय में देश की महिलाएं प्रधानमंत्री मोदी और एनडीए को इतना मजबूत बनाएंगी कि संसद में महिला-विरोधी दलों की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

श्री गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया है कि नारी शक्ति वंदन बिल के तहत जनगणना और परिसीमन के आधार पर सीटों का निर्धारण होगा। इसमें समय लग सकता है, इसलिए सरकार ने संशोधन के माध्यम से 2029 तक महिलाओं को 33% आरक्षण देने का प्रयास किया, लेकिन विपक्ष के विरोध के कारण यह बिल पारित नहीं हो सका।

उन्होंने कांग्रेस को रिफॉर्म-विरोधी पार्टी बताते हुए कहा कि यह हर अच्छे कार्य का विरोध करती है और देश में भ्रम फैलाने का काम करती है। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और सीएए जैसे मुद्दों पर भी कांग्रेस ने सवाल उठाए और जनता को गुमराह किया।

अंत में उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए देश की महिलाओं के बीच जाकर सच्चाई बताएंगे और उन्हें उनका अधिकार दिलाकर रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा के कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं, जिन्होंने कांग्रेस और इंडी गठबंधन के खिलाफ विरोध जताया।

## अहाता मैनेजर हत्याकांड में एक और आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद,19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/विजय चौहान।** सेक्टर-3 स्थित अहाता के मैनेजर की हत्या के सनसनीखेज मामले में फरीदाबाद पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने कार्रवाई करते हुए आकाश को गिरफ्तार किया है, जिसने पूछताछ में वारदात के दौरान चाकू से हमला करने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है। इस मामले में पहले ही एक किशोर सहित कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस अब अन्य आरोपियों की भूमिका की भी गहन जांच कर रही है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, शिकायतकर्ता सुमित ने बताया कि उसका भाई आदेश कुमार सेक्टर-3 फरीदाबाद स्थित हाउस ऑफ लिकर के साथ बने अहाता में मैनेजर के रूप में कार्यरत था। 15 अप्रैल की रात करीब 12 बजे सुमित अपने भाई के पास पहुंचा, जहां उसने देखा कि दो व्यक्ति आदेश कुमार के साथ गाली-गलौच कर रहे थे। कुछ ही देर में 10-12 लोग लाठी-डंडों के साथ मौके पर पहुंचे और आदेश कुमार पर हमला कर दिया।

## परशुराम जयंती पर सुंदरकांड पाठ, भक्तिमय माहौल में गूंजे जयकारे

**फरीदाबाद, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/विजय चौहान।** परशुराम जयंती के पावन अवसर पर सैक्टर-55 स्थित मंदिर में श्री राम मंदिर परिषद द्वारा भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी परिषद में यह धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ।



कार्यक्रम की शुरूआत सुंदरकांड के सस्वर पाठ से हुई, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। स्थानीय भजन मंडली के गायक मुकेश शर्मा ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। बजरंगबली की जय और संकट मोचन हनुमान जैसे भजनों से मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में डूब गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवान हनुमान के समक्ष श्रद्धा पूर्वक शीश नवाया। कार्यक्रम में विशेष रूप से महिलाओं और बुजुर्गों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिससे आयोजन की गरिमा और बढ़ गई।

परिषद अध्यक्ष श्याम दुबे ने बताया कि परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में हर वर्ष सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाता है, जिससे समाज में धार्मिक आस्था और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

कार्यक्रम के समापन पर महाआरती की गई और श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने धर्म, सेवा और सामाजिक एकता को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर बी.एन. दुबे, कलावती दुबे, सूरज दुबे, राकेश चौबे, सुजाता दुबे, मधु दुबे, मुकेश शर्मा, अजय चौबे सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पार्षद रश्मि यादव ने किया महावीर पार्क निर्माण कार्य का शुभारंभ

**फरीदाबाद, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा।** तिरखा कॉलोनी मंडी परिसर में स्थित महावीर पार्क के निर्माण कार्य का उद्घाटन रविवार को बड़े हर्ष और उत्साह के साथ किया गया। यह कार्यक्रम क्षेत्र के समग्र विकास, स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है। उद्घाटन समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली, जिससे कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण और जनसहभागिता से भरपूर रहा। इस अवसर पर वार्ड संख्या 43 की पार्षद रश्मि यादव ने विधिवत रूप से पार्क निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। उनके साथ कार्यक्रम में वार्ड संख्या 42 के पार्षद दीपक यादव तथा भाजपा नेता टीपरचंद शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति भी रही। सभी अतिथियों ने इस परियोजना को क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक और आवश्यक कदम बताते हुए इसकी सराहना की। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी, वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं और युवा उपस्थित रहे। सभी ने इस विकास कार्य को लेकर अपनी खुशी जाहिर की और उम्मीद जताई कि पार्क के निर्माण से क्षेत्र में हरित वातावरण को बढ़ावा मिलेगा और लोगों को सैर-सपाटे व स्वास्थ्य लाभ के लिए एक बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। इस आयोजन में फेडरेशन ऑफ हाउसिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों की सक्रिय भागीदारी भी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। प्रमुख रूप से सुरेंद्र कपासिया, प्रदीप शर्मा, संदीप चौधरी, संदीप चाहर, संदीप परमार, जितेंद्र (जीतू) कुमार, दयाचंद शर्मा, सतीश अधाना, केक सिंह, रमेश सरपंच, धंजय राव, ओमप्रकाश, परम सिंह रावत, उदयभान, भूदेव शर्मा, बिजेंद्र टांगर, चंद्रपाल और हेमराज शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अपने संबोधन में पार्षद रश्मि यादव ने कहा कि महावीर पार्क का निर्माण स्थानीय नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और हरित वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि पार्क में आधुनिक सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा ताकि बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी इसका लाभ उठा सकें। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के निरंतर विकास के लिए भविष्य में भी ऐसे कार्यों को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया। यह आयोजन न केवल विकास कार्य की शुरूआत का प्रतीक बना, बल्कि क्षेत्रीय एकता और जनभागीदारी की भावना को भी मजबूत करता नजर आया।



महावीर पार्क के निर्माण कार्य का उद्घाटन करती वार्ड नंबर 43 की पार्षद रश्मि यादव साथ हैं वार्ड नंबर 42 के पार्षद दीपक यादव, टिपर चंद शर्मा व अन्य।
छाया: सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।

## फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर 4.43 करोड़ की ठगी, दो आरोपी दबोचे

**फरीदाबाद, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/वनिता।** फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी के मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस हाई-प्रोफाइल साइबर फ्रॉड में करीब 4,43,68,974 रुपये की ठगी की गई थी, जिससे पीड़ित को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों में खाता ऑपरेटर रोहित और खाता उपलब्ध कराने वाला रवि रंजन शामिल हैं। रोहित को 16 अप्रैल को अंबाला से गिरफ्तार कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था, जबकि रवि रंजन को 18 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 24 अक्टूबर 2025 को सेक्टर-9 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि उसकी पहचान एक डेटिंग वेबसाइट के माध्यम से एक युवती से हुई थी।



# बाबा साहब के दिए अधिकारों के मार्ग में विपक्ष बना बाधा : राजेश नागर

## राजेश नागर ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम में रुकावट बने विपक्ष पर किया प्रहार

**फरीदाबाद, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/सुनील अग्रवाल।** हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर ने गांव नचौली में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने बाबा साहब के योगदान को देश और समाज के लिए अमूल्य बताया।

मंत्री नागर ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने भारतीय संविधान के माध्यम से समाज के हर वर्ग को समान अधिकार और न्याय दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि बाबा साहब के विचारों को अपनाकर समाज में समानता, शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा दें। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से अपील की कि वे उनके आदर्शों पर चलकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।



उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते मंत्री राजेश नागर।
छाया: सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।

अपने संबोधन के दौरान मंत्री ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने इस महत्वपूर्ण विधेयक को पारित होने से रोकने की कोशिश कर महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण के रास्ते में बाधा डाली है। उन्होंने कहा कि इससे विपक्ष की सोच स्पष्ट होती है।

मंत्री नागर ने विश्वास जताया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह अधिनियम जल्द ही पूरी तरह लागू होगा और देश की महिलाओं को उनका पूरा अधिकार मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। आयोजन का माहौल सामाजिक एकता, जागरूकता और भाईचारे के संदेश से ओत-प्रोत रहा। इस अवसर पर धर्मपाल (सरपंच ददसिया), रमेश (सरपंच मंझावली), विश्वनाथ (प्रधान, रविदास समाज विकास जागृति ट्रस्ट), मोतीलाल (सरपंच ताजूपुर), मनोज, रॉबर्ट नागर, महिपाल मस्ताना, मदन सेन टेकचंद, नरेश, कन्हैयालाल, गजराज नंबरदार, रामचंद्र नंबरदार, बालवीर, रोशन, प्रेमचंद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सत्यजय टाईम्स सेल्फी कॉर्नर



आनंद गुप्ता (फरीदाबाद)



योगेश शर्मा (बल्लभगढ़)



लक्ष्य, आरब, दृष्टि, ईवान (फरीदाबाद)



संजय सिंगला (बल्लभगढ़)

आप भी यदि इस कॉलम में अपना फोटो प्रकाशित कराना चाहते हैं तो उठाइए अपना मोबाइल फोन और आप अपने घर पर जो भी नया कर रहे हैं उसकी सेल्फी लें और भेज दें हमें नीचे लिखे व्हाट्सएप नंबर पर।

9811016963

## आवश्यक जानकारी

### सत्यजय टाईम्स में छपवाए अपने कोर्ट नोटिस

फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित **हिन्दी दैनिक सत्यजय टाईम्स डीएवीपी, रेलवे तथा हरियाणा सरकार** के साथ-साथ **पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़** की विज्ञापन सूची में शामिल **हिन्दी दैनिक** है जिसमें आप अपने न्यायालयों से संबंधित नोटिस भी प्रकाशित करा सकते है।

सत्यजय टाईम्स Satyajay Times

संपर्क करें :-
**विज्ञापन प्रबंधक, मो.9643311765**
9811232533, 0129-4042533
Email : satyajaytimes@gmail.com.

**पलवल में सत्यजय टाईम्स** पत्र प्राप्त करने व विज्ञापन हेतु संपर्क करेः- कमेटी चौक, वार्ड नंबर-19, अरियन हॉस्पीटल के पीछे, मकान नंबर-237, **लक्ष्मण शर्मा-** 8295307492, **कपिल शर्मा**-98965 82968

**होड़ल में सत्यजय टाईम्स समाचार पत्र** प्राप्त करने के लिए संपर्क करें- अग्रवाल न्यूज एजेंसी
सम्पर्क सूत्र - **अमित अग्रवाल 9254588483**

**नूंह जिले में दैनिक सत्यजय टाईम्स समाचार पत्र प्राप्त करने एवं दैनिक सत्यजय टाईम्स में कोर्ट नोटिस, खोया पाया, बेदखली व अन्य प्रकार के विज्ञापन छपवाने के लिए संपर्क करें, जुबैर खान, नूंह बिजली बोर्ड के सामने, ऑफिस नूंह 9813631877, 8059131877 नूंह मेवात**

**सोहना में सत्यजय टाईम्स समाचार पत्र में** समाचारों के लिए संपर्क करें- **अशोक गर्ग -9354135063**

**दिल्ली ब्यूरो कार्यालय मकान नम्बर 304 गली नम्बर 5 मूगा नगर, करावल नगर रोड़ दिल्ली 94**

**यदि आप भी अपने किसी प्रियजन स्वजन को किसी भी प्रकार का कोई संदेश फोटो के साथ देना चाहते हैं, तो सत्यजय टाइम्स हिंदी दैनिक इसमें आपका सहयोग करने को तैयार है, आप अपना संदेश अपने नाम व फोटो सहित हमें 7838364763 नंबर पर व्हाट्सएप करें। हम उसको सत्यजय टाइम्स हिंदी दैनिक में प्रकाशित करेंगे।**

## संपादकीय कार्यालय

खबरों व विज्ञापनों के लिए संपर्क करें।
5आर-1 (प्रथम तल) नियर एच.डी.एफ. सी. बैंक बी.के. चौक एनआईटी फरीदाबाद।
मोबाईल नं-9811232533, 0129-4042533

स्वत्वाधिकारी (मुद्रक, प्रकाशक व मालिक) रूपेश कुमार बंसल द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस डी-85 सैक्टर-6 नोएडा, गौतमबुद्ध नगर उत्तर-प्रदेश 201301 से मुद्रित कर मकान नम्बर- 35/ए न्यू कालोनी, रेलवे रोड़ (भाटिया क्रेन वाली गली) फरीदाबाद 121001 (हरियाणा) से प्रकाशित। स्थानीय संपादक-विजय चौहान* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी।